RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच




वर्ष : 26 | अंक : 76 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बृहस्पतिवार, 07 मार्च, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

## भाजपा के पूर्व प्रत्याशी की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या

### बाहुबली सांसद धनंजय सिंह की पत्नी के खिलाफ लड़ा था चुनाव



**जौनपुर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर में भारतीय जनता पार्टी के नेता व पूर्व प्रत्याशी प्रमोद यादव की बदमाशों ने गोली मार कर हत्या कर दी। इलाज के दौरान अस्पताल में उनकी मौत हुई। प्रमोद यादव ने 2012 के विधानसभा चुनाव में जौनपुर की मल्हनी सीट से बाहुबली धनंजय सिंह की पत्नी जागृति सिंह के खिलाफ बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में सपा के पारस नाथ यादव ने जीत हासिल की था, वहीं जागृति सिंह दूसरे नंबर पर रही थीं। भाजपा नेता की हत्या के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। मौके पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी हैं।


भाजपा नेता प्रमोद यादव की हत्या में अभी तक किसी के खिलाफ आरोप तय नहीं हुए हैं। पुलिस बदमाशों की पहचान में जुटी हुई है। इसके लिए बाकायदा सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है और चश्मदीदों को खोज रही है। जानकारी के मुताबिक, यह घटना जौनपुर के बक्सा थाना क्षेत्र के बोधापुर मोड़ की है। जहां बदमाशों ने बीजेपी नेता प्रमोद यादव को उनके घर के बाहर गोली मारी है।

उन्हें घायल अवस्था में जिला अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। हत्यारे बाइक पर आए थे। उन्होंने प्रमोद यादव को 3 गोली मारी।

गौरतलब है कि बीते बुधवार को ही पूर्व सांसद और बाहुबली धनंजय सिंह को अपहरण और रंगदारी मामले में सात साल की सजा सुनाई गई है। इसके साथ ही एमपी-एमएलए कोर्ट ने उन पर 50 हजार का जुर्माना लगाया है।

## उत्तर प्रदेश में 13 हजार से ज्यादा अवैध मदरसे!

### अवैध गतिविधियां किसी भी हाल में नहीं चलने देंगे : बृजेश पाठक



**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश से जुड़ी एक बड़ी खबर आ रही है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश में अवैध मदरसों की जांच के लिए गठित एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को सौंप दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पूरे उत्तर प्रदेश में 13 हजार से ज्यादा अवैध मदरसे चल रहे हैं। एसआईटी की रिपोर्ट के बाद जल्द ही इन पर कार्यवाही होगी।

आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा गठित एसआईटी ने अपनी जांच में यूपी में 13000 से अधिक अवैध मदरसे पाए गए हैं। इसने उन जिहादी ज्ञान केंद्रों को बंद करने का सुझाव दिया है जो दान पर चलते हैं लेकिन उनके पास दाताओं का विवरण नहीं है और उनके पास व्यय का भी विवरण नहीं है।

उत्तर प्रदेश में अवैध मदरसों पर एसआईटी द्वारा अपनी रिपोर्ट सौंपने की खबरों पर उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि हमारी सरकार राज्य में कानून-व्यवस्था को और मजबूत करेगी। हम किसी भी हालत में राज्य में अवैध गतिविधियां नहीं होने देंगे। कड़ी कार्रवाई की जाएगी। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

उत्तर प्रदेश में अवैध मदरसों पर एसआईटी की रिपोर्ट सौंपने की खबरों पर उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि देश की किसी भी शिक्षा व्यवस्था पर कोई सवाल नहीं है। लेकिन अगर शिक्षा के बहाने देश विरोधी गतिविधियां की जाएंगी। जांच होगी और दोषियों पर कार्रवाई होगी। हमारा मानना है कि जिन लोगों ने गलत रास्ता चुना है, उन्हें सही रास्ते पर वापस आना चाहिए। सही रास्ते पर न तो उन्हें और न ही देश और प्रदेश को कोई दिक्कत होगी।

## ग्रेटर नोएडा में गुलेल गिरोह का आतंक

### तीन कार के शीशे तोड़कर रिवाल्वर लैपटॉप व कीमती सामान किया साफ



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** सड़क किनारे खड़ी कार के शीशे तोड़कर कीमती सामान चोरी करने वाले गिरोह ने थाना बीटा-2 क्षेत्र में तीन कारों के शीशे तोड़ कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर कार से लाइसेंसी रिवाल्वर, लैपटॉप पर्स द प्रॉपर्टी के कागजात को चोरी कर ले गए। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

ग्रेटर नोएडा की सुपरटेक सिजार ओमीक्रॉन सोसाइटी में रहने वाले आयुष गुप्ता ने बताया कि वह किसी कार्य से सेक्टर अल्फा-2 स्थित ओमेक्स शॉपिंग कंपलेक्स आए थे। उन्होंने अपनी टाटा हैरियर कार शॉपिंग कांप्लेक्स के बाहर सर्विस रोड पर खड़ी कर दी और स्मार्ट फार्मेसी में दवाई लेने चले गए। कुछ देर बाद जब वह दवा लेकर वापस लौटे तो उन्हें कार का पिछला शीशा टूटा हुआ मिला। चोर कार में रखी उनकी लाइसेंसी रिवाल्वर, लैपटॉप तथा प्रॉपर्टी के पेपर को चोरी कर ले गए थे। आयुष गुप्ता के मुताबिक उनके पास में ही संजय गुप्ता, सचिन अरोरा की कार का भी शीशा तोड़कर चोरों ने दो लैपटॉप पर्स ब्रेसलेट क्रेडिट पैन कार्ड सहित अन्य दस्तावेज चोरी कर लिए।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित आयुष गुप्ता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है। बता दें कि ग्रेटर नोएडा में इन दोनों वाहनों का शीशा तोड़कर कीमती सामान पर हाथ साफ करने वाला गुलेल गिरोह सक्रिय है।

## जनता के बीच से बनेगा प्रत्याशी : अखिलेश यादव

### असगरपुर में प्रधान श्रीपाल अवाना के घर सपा अध्यक्ष का स्वागत



**नोएडा (चेतना मंच)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का असगरपुर गांव में कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में जुटने के निर्देश दिए। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अपने जनपद दौरे के दौरान कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया (शेष पृष्ठ-4 पर)

## तीन घरों के चोरों ने तोड़े ताले, सामान उड़ाया



**नोएडा (चेतना मंच)।** चोरों ने एक मीडियाकर्मी सहित तीन लोगों के घरों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोर नगदी, जेवरात व कीमती सामान को चोरी कर ले गए। चोरी की दो घटनाएं सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है।

मूल रूप से मेरठ के मवाना निवासी गौरव ने थाना सेक्टर-63 में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह अपने एक साथी के साथ वाजिदपुर गांव में रह रहा है। 5 मार्च की सुबह वह अपने साथी के साथ अपने कार्यालय चला गया था रात के समय जब वह वापस लौटा तो उसे कमरे का ताला टूटा हुआ मिला। उसके बराबर में रहने वाले मंटू शर्मा के (शेष पृष्ठ-4 पर)

## गौर सिटी के 16th एवेन्यू के फ्लैट में लगी भीषण आग



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित एक बहुमंजिला इमारत के फ्लैट में आग लग गई। बताया जा रहा है कि आग एक फ्लैट से फैलकर दूसरे फ्लैट में भी लग गई है। इमारत में आग लगने के कारण कुछ लोग फंस गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। आग से फ्लैट में रखा सामान पूरी तरह जल गया है। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप चौबे ने बताया कि फायर बिग्रेड को आज सुबह 9.35 पर ग्रेटर नोएडा एक्सटेंशन स्थित गौर सिटी-2 के 16th एवेन्यू के एक फ्लैट में भीषण आग लगने की सूचना मिली। मौके पर तीन गाड़ियों को भेजा गया। आग सेकेंड फ्लोर पर बंद पड़े फ्लैट में लगी थी। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## फैक्टरी की दीवार तोड़ी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बादलपुर क्षेत्र के छपरौला में एक फैक्ट्री की दीवार तोड़ने तथा अवैध कब्जे का प्रयास करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। ग्राम दुरियाई निवासी जितेंद्र सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसकी छपरौला में 1846 वर्ग गज जमीन है। उक्त जमीन पर उसने चार दिवारी की हुई है और यहां लकड़ी की फैक्ट्री चल रही है। 8 नवंबर को छपरौला निवासी रजनीश यादव अपने कुछ साथियों के साथ जेसीबी लेकर उनके फैक्ट्री पर पहुंचा। रजनीश यादव ने फैक्ट्री में 200 वर्ग गज (शेष पृष्ठ-4 पर)

## 'डा. महेश शर्मा को तीसरी बार भी मिलेगा जनता का आशीर्वाद'



**नोएडा (चेतना मंच)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन कल्याणकारी कार्यों तथा ऐतिहासिक उपलब्धियों के सामने विपक्षी दलों के हौसले पस्त हैं। यही कारण है कि गौतमबुद्धनगर में समाजवादी पार्टी समेत अन्य विपक्षी दल अपना गठबंधन का प्रत्याशी भी नहीं उतर पा रही हैं।

भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा सांसद प्रतिनिधि संजय बाली का कहना है कि गौतमबुद्धनगर क्षेत्र केन्द्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी कार्यों के कारण भाजपा का गढ़ बना हुआ है। वर्ष-1996 से लेकर आज तक यहां भाजपा का ही प्रत्याशी (वर्ष 2009 को छोड़कर) लगातार जीत रहा है। भाजपा ने डॉ. महेश शर्मा को यहां चौथी बार प्रत्याशी बनाया है। इस लोकसभा में समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी तथा कांग्रेस हमेशा दूसरे, तीसरे तथा चौथे नंबर की लड़ाई लड़ती रही है। समाजवादी पार्टी तो वर्ष 1992 यानी पार्टी के गठन से लेकर आज तक इस सीट पर कभी भी जीत हासिल नहीं कर पाई। कमोबेश यही हालत कांग्रेस की भी है। उन्होंने कहा कि भाजपा को क्षेत्र की जनता का हमेशा से प्यार तथा आशीर्वाद मिलता रहा है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## दुकान खोलकर बेचने लगे चोरी के मोबाइल व लैपटॉप

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** क्राइम रिस्पांस टीम व थाना बीटा-2पुलिस ने घरों से मोबाइल व लैपटॉप चोरी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी के 33 मोबाइल फोन, लैपटॉप, टैब, तमंचा व कारतूस बरामद हुए हैं। पकड़े गए आरोपी चोरी के मोबाइल फोन के लॉक को तोड़कर अपनी दुकान पर बेच देते थे। ग्रेटर नोएडा जोन के एडीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि क्राइम रिस्पांस टीम सीआरटी के प्रभारी निरीक्षक को सूचना मिली कि घरों से मोबाइल व लैपटॉप चोरी करने की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह के सदस्य डीपीएस तिराहे पर आने वाले हैं। सूचना के आधार पर सीआरटी टीम ने डीपीएस तिराहे के पास घेराबंदी कर दी। कुछ देर बाद मुखबिर के इशारे पर टीम के सदस्यों ने तीन लोगों को दबोच लिया। इनके पास से (शेष पृष्ठ-4 पर)

## परिवार से मिलने आया जिला बदर बदमाश दबोचा

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-39 पुलिस में जिला बदर बदमाश को गिरफ्तार किया है इसके पास से तमंचा कारतूस व टियागो गाड़ी बरामद हुई है पकड़े गए बदमाश को पुलिस ने कुछ दिनों पूर्व ही जिला बदर किया था। थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि जिला बदर बदमाश हरेंद्र राठी पुत्र रामू राठी निवासी ग्राम हाजीपुर गौशाला कट पर कहीं जाने की फिराक में खड़ा हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापा मारकर हरेंद्र राठी को दबोच लिया। तलाशी में इसके पास से तमंचा कारतूस तथा टियागो गाड़ी बरामद हुई। पकड़े गए हरेंद्र राठी ने बताया कि वह अपने परिजनों से मिलने के लिए अपने घर आया था। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस आयुक्त के (शेष पृष्ठ-4 पर)

सत्र 2024 -2025 के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू
स्कूल कोड 09100110910
सरस्वती
ग्लोबल स्कूल
सेक्टर 22 नोएडा




फ़ोन .08750611103

## शादी में डांस के दौरान कहासुनी दबंगों ने लाठी-डंडों से पीटा

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर ओमिक्रोन-2 में शादी समारोह में डांस करने के दौरान हुई कहासुनी में कुछ युवकों ने एक युवक के साथ लाठी डंडे व लोहे की रोड से मारपीट कर उसे घायल कर दिया। वहीं एक अन्य घटना में पैसों के लेनदेन में कुछ लोगों ने प्रॉपर्टी डीलर के साथ मारपीट की। मारपीट की घटना को अंजाम देने के बाद दबंग पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए पीड़ित ने थाना दादरी में चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्राम लुहारली निवासी ललित ने बताया कि वह 5 मार्च की शाम को अपने साथियों के साथ ग्रेटर नोएडा के ओमिक्रोन-2 सेक्टर में एक शादी समारोह में गया था। इस समारोह में उसके ही गांव के दीपक भाटी, मयंक भाटी, सागर भाटी व चिटहेडा गांव निवासी संदीप भी मौजूद थे। ललित के मुताबिक चारों ने शराब पी रखी थी शादी में नाचने के दौरान उसकी चारों से कहासुनी हो गई।

विवाद होता देखकर आस पड़ोस के लोगों ने बीच बचाव कर दिया। रात्रि के समय जब वह वापस शादी से अपने घर लौट रहा था तो नयागांव के मोड पर चारों आरोपियों ने उसे रोक लिया। आरोपियों ने लाठी डंडे व लोहे की रॉड से उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के बाद आरोपी पुलिस में रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित के मुताबिक आरोपी दीपक भाटी दबंग व आपराधिक किस्म का व्यक्ति है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## हिंडन नदी की दुर्दशा पर एनजीटी ने जताई चिंता

### एनजीटी सदस्य जस्टिस डा. अफरोज अहमद ने प्राधिकरण व प्रशासन को दी हिंडन पर वृक्षारोपण व सौंदर्यीकरण की सलाह



**नोएडा (चेतना मंच)।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण एनजीटी के सदस्य जस्टिस डा. अफरोज अहमद ने हिंडन नदी की दुर्दशा पर चिंता जताई। उनहोंने नोएडा प्राधिकरण व प्रशासन को सलाह दी कि हिंडन नदी के दोनों छोरों पर वृक्षारोपण किया जाए जिससे न सिर्फ नदी का सौंदर्यकरण होगा बल्कि पर्यावरण को भी लाभ पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि एनसीआर के लिए हिंडन नदी एक महत्वपूर्ण नदी है।

डॉ. अफरोज अहमद की अध्यक्षता में नोएडा प्राधिकरण के सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। आयोजित बैठक में मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा लोकेश एम, जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील शर्मा, संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

डॉ.अफरोज अहमद ने कहा कि पर्यावरण को दूषित होने से बचाने के लिए नियमों का पालन करने एवं करवाने के साथ-साथ जन-जागरूकता एवं जनता का सहयोग की बहुत आवश्यकता हैं। ईमानदारी के साथ पर्यावरण का संरक्षण करना ही मानवता का सबसे बड़ा धर्म हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के साथ (शेष पृष्ठ-4 पर)

# अपशब्दों के बाण

आम चुनाव की घोषणा हुई भी नहीं, लेकिन नेताओं के कीचड़ उछालने और आपत्तिजनक शब्द बोलने का सिलसिला शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी के लिए पहले कांग्रेस ने खूब अपशब्द कहे हैं, लेकिन अब लालू यादव ने ऐसा मुद्दा उछाला है कि मोदी और भाजपा ने उसे लपक लिया है। लालू ने सार्वजनिक मंच से कहा है कि मोदी का अपना परिवार तो नहीं है, लिहाजा वह 'परिवारवादी पार्टियां' कहते रहते हैं। मोदी हिंदू भी नहीं हैं, क्योंकि मां के शोक में उन्होंने सिर नहीं मुंडवाया और न ही दाढ़ी साफ कराई। प्रधानमंत्री तेलंगाना में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे, वहीं उन्होंने त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए कहा–'मैं परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं, तो उन्होंने बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। 140 करोड़ देशवासी ही मेरा परिवार हैं। जिसका कोई नहीं है, वे भी मोदी के हैं और मोदी उनका है।' प्रधानमंत्री के इस कथन के बाद भाजपा अध्यक्ष, मंत्रियों, सांसदों और कई मुख्यमंत्रियों ने सोशल मीडिया पर अपने बायो बदलते हुए लिख दिया–'मोदी का परिवार।' और यह बदलाव सोशल मीडिया पर ट्रेंड करने लगा। कुछ ही देर में यह मुद्दा बन गया। राजनीति 2019 के ढर्रे पर मुड़ गई। तब कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने राफेल विमान सौदे में कथित भ्रष्टाचार पर एक जुमला उछाला था–'चौकीदार चोर है।' उसकी त्वरित प्रतिक्रिया में भाजपा नेताओं ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिख लिया था–'मैं भी चोर हूं।' अंततः वह जुमला 2019 के चुनावों का प्रमुख मुद्दा बन गया। दरअसल यह मोदी की रणनीति रही है या चुनावी–कौशल माना जाए कि उन्होंने मौत का सौदागर, चायवाला, बिच्छू, सांप, भस्मासुर, बंदर, खून की दलाली, गंदी नाली का कीड़ा आदि से लेकर जहरीला सांप तक सभी अपशब्दों को चुनावी जनादेश में परिणत कर लिया है। अधिकतर अपशब्द तब बोले गए, जब वह गुजरात के मुख्यमंत्री थे। यह राजनीति उनके विपक्षी बखूबी जानते हैं, लेकिन फिर भी ऐसे ही निजी हमले करते रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी पीड़ित और बेचारगी की मुद्रा में आकर, खूब आक्रामक तरीके से, उसी गालीनुमा शब्द को देश की जनता के सामने दोहराते रहे हैं। लालू यादव न तो हिंदू धर्म के ज्ञाता विशेषज्ञ हैं और न ही शोकावस्था की रस्मों को पूरी तरह जानते हैं। सनातन से जुड़े कई संप्रदायों, मतों, जातियों में सिर मुंडवाने और दाढ़ी साफ कराने की परंपरा ही नहीं है। खुद लालू यादव के भाई का निधन हुआ था, तो उन्होंने सिर नहीं मुंडवाया। कांग्रेस के ही उदाहरण लें, तो तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद, शोकाकुल राजीव गांधी को सिर नहीं मुंडवाना पड़ा था। यही परंपरा राहुल गांधी ने भी निभाई। लालू या विपक्ष का कोई भी नेता देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक अपशब्दों का इस्तेमाल करता है, तो क्या चुनाव की लहर उनके पक्ष में बहने लगेगी? यदि अब चुनावी फ़िजाओं में 'मोदी का परिवार' ही गूंजता रहेगा, तो जाहिर है कि बेरोजगारी, महंगाई, गरीबी, पेपरलीक, यौन शोषण, किसानी, असल अर्थव्यवस्था सरीखे मुद्दे चुनाव में पीछे छूट जाएंगे। हमने तो अधिकतर चुनाव किसी तात्कालिक और उत्तेजक मुद्दे पर ही होते देखे हैं। देश की जनता को व्यापक और गहरे तौर पर प्रभावित करने वाले मुद्दे बेजां ही चीखते रहे हैं। परिवारवादी राजनीति भारत में खूब फल–फूल रही है। करीब 30 फीसदी सांसद राजनीतिक परिवार से आते हैं। करीब 22 फीसदी सांसद भाजपा में भी परिवारवादी हैं, लेकिन दोनों की परिभाषा और चरित्र में बहुत अंतर है। प्रधानमंत्री मोदी ने संसद में बोलते हुए इनके अंतर को स्पष्ट किया था। ऐसी परिवारवादी राजनीति कमोबेश लोकतंत्र के लिए घातक है। राजनीतिक दल परिवारवादी नहीं होने चाहिए। बेशक एक ही परिवार के कई काबिल और जनाधार वाले लोग राजनीति में एक साथ सक्रिय रह सकते हैं। जिस तरह कांग्रेस में गांधी परिवार ही मुख्य धुरी है, उसी तर्ज पर कई अन्य दल भी वंशानुगत हैं। बहरहाल इस बहस से भाजपा को ही लाभ होगा।

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि सभी पुरुष काम और लोभ में तत्पर और क्रोधी होते हैं। देवता, ब्राह्मण, वेद और संतों के विरोधी होते हैं। अभागिनी स्त्रियाँ गुणों के धाम सुंदर पति को छोड़कर पर पुरुष का सेवन करती हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**सौभागिनीं बिभूषन हीना। बिधवन्ह के सिंगार नबीना॥**
**गुर सिष बधिर अंध का लेखा। एक न सुनइ एक नहिं देखा॥**

सुहागिनी स्त्रियाँ तो आभूषणों से रहित होती हैं, पर विधवाओं के नित्य नए श्रृंगार होते हैं। शिष्य और गुरु में बहरे और अंधे का सा हिसाब होता है। एक (शिष्य) गुरु के उपदेश को सुनता नहीं, एक (गुरु) देखता नहीं (उसे ज्ञानदृष्टि) प्राप्त नहीं है)॥

**हरइ सिष्य धन सोक न हरई। सो गुर घोर नरक महुँ परई॥**
**मातु पिता बालकन्हि बोलावहिं। उदर भरै सोइ धर्म सिखावहिं॥**

जो गुरु शिष्य का धन हरण करता है, पर शोक नहीं हरण करता, वह घोर नरक में पड़ता है। माता–पिता बालकों को बुलाकर वही धर्म सिखलाते हैं, जिससे पेट भरे॥

**दो0–ब्रह्म ग्यान बिनु नारि नर कहहिं न दूसरि बात।**
**कौड़ी लागि लोभ बस करहिं बिप्र गुर घात॥**

स्त्री–पुरुष ब्रह्मज्ञान के सिवा दूसरी बात नहीं करते, पर वे लोभवश कौड़ियों (बहुत थोड़े लाभ) के लिए ब्राह्मण और गुरु की हत्या कर डालते हैं॥

**बादहिं सूद्र द्विजन्ह सन हम तुम्ह ते कछु घाटि।**
**जानइ ब्रह्म सो बिप्रबर आँखि देखावहिं डाटि॥**

शूद्र ब्राह्मणों से विवाद करते हैं (और कहते हैं) कि हम क्या तुमसे कुछ कम हैं? जो ब्रह्म को जानता है वही श्रेष्ठ ब्राह्मण है। (ऐसा कहकर) वे उन्हें डाँटकर आँखें दिखलाते हैं॥

**पर त्रिय लंपट कपट सयाने। मोह द्रोह ममता लपटाने॥**
**तेइ अभेदबादी ग्यानी नर। देखा मैं चरित्र कलिजुग कर॥**

जो पराई स्त्री में आसक्त, कपट करने में चतुर और मोह, द्रोह और ममता में लिपटे हुए हैं, वे ही मनुष्य अभेदवादी (ब्रह्म और जीव को एक बताने वाले) ज्ञानी हैं। मैंने उस कलियुग का यह चरित्र देखा॥

क्रमशः

# लैंगिक समानता की हकीकत कुछ और ही है

ईश्वर की बनाई इस सृष्टि में मानव के रूप में जन्म लेना एक दुर्लभ सौभाग्य की बात होती है। और जब वो जन्म एक स्त्री के रूप में मिलता है तो वो परम सौभाग्य का विषय होता है। क्योंकि स्त्री ईश्वर की सबसे खूबसूरत वो कलाकृति है जिसे उसने सृजन करने की पात्रता दी है। सनातन संस्कृति के अनुसार संसार के हर जीव की भांति स्त्री और पुरुष दोनों में ही ईश्वर का अंश होता है लेकिन स्त्री को उसने कुछ विशेष गुणों से नवाजा है। यह गुण उसमें नैसर्गिक रूप से पाए जाते हैं जैसे सहनशीलता, कोमलता, प्रेम, त्याग, बलिदान ममता। यह स्त्री में पाए जाने वाले गुणों की ही महिमा होती है कि अगर किसी पुरुष में स्त्री के गुण प्रवेश करते हैं तो वो देवत्व को प्राप्त होता है लेकिन अगर किसी स्त्री में पुरुषों के गुण प्रवेश करते हैं तो वो दुर्गा का अवतार चंडी का रूप धर लेती है जो विध्वंसकारी होता है। किंतु वही स्त्री अपने स्त्रियोचित नैसर्गिक गुणों के साथ एक गृहलक्ष्मी के रूप में अन्नपूर्णा और एक माँ के रूप में ईश्वर स्वरूपा बन जाती है।

देखा जाए तो इस सृष्टि के क्रम को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया में जो जिम्मेदारियां ईश्वर ने एक स्त्री को सौंपी हैं उनके लिए एक नारी में इन गुणों का होना आवश्यक भी है। लेकिन इसके साथ ही हमारी सनातन संस्कृति में शिव का अर्धनारीश्वर रूप हमें यह भी बताता है कि स्त्री और पुरुष एक दूसरे के पूरक हैं प्रतिद्वंद्वी नहीं और स्त्री के ये गुण उसकी शक्ति हैं कमजोरी नहीं। भारत तो वो भूमि रही है जहां प्रभु श्री राम ने भी सीता माता की अनुपस्थिति में अश्वमेध यज्ञ उनकी सोने की मूर्ति के साथ किया था। भारत की संस्कृति तो वो है जहाँ कृष्ण भगवान को नन्दलाल कहा जाता था तो वो देवकीनंदन और यशोदानन्दन भी थे। श्री राम दशरथ नन्दन थे तो कौशल्या नन्दन होने के साथ–साथ सियावर भी थे। भारत तो वो राष्ट्र रहा है जहाँ मैत्रेयी गार्गी इंद्राणी लोपमुद्रा जैसी वेद मंत्र दृष्टा विदुषी महिलाएं थीं तो कैकई जैसी रानियां भी थीं जो युद्ध में राजा दशरथ की सारथी ही नहीं थीं बल्कि युद्ध में राजा दशरथ के घायल होने की अवस्था में उनकी प्राण रक्षक भी बनीं। लेकिन इसे क्या कहा जाए कि स्त्री शक्ति के ऐसे गौरवशाली सांस्कृतिक अतीत के बावजूद वर्तमान भारत में महिलाओं को सामाजिक रूप सशक्त करने की दिशा में सरकारों को महिला दिवस मनाने जैसे विभिन्न प्रयास करने पड़ रहे हैं। समझने वाली बात यह है कि आज जब हम महिलाओं के अधिकारों की बात करते हैं और लैंगिग समानता की बात करते हैं तो हम मुद्दा तो सही



**मुद्दे की अगर बात करें, तो आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपने कदम रख रही हैं। धरती हो या आकाश, आईटी सेक्टर हो या मेकैनिकल, समाजसेवा हो या राजनीति, महिलाएं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही हैं। और अपनी कार्यकुशलता के दम पर अपनी प्रतिभा का लोहा भी मनवा रही हैं।**

उठाते हैं लेकिन विषय से भटक जाते हैं। मुद्दे की अगर बात करें, तो आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपने कदम रख रही हैं। धरती हो या आकाश, आईटी सेक्टर हो या मेकैनिकल, समाजसेवा हो या राजनीति, महिलाएं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही हैं। और अपनी कार्यकुशलता के दम पर अपनी प्रतिभा का लोहा भी मनवा रही हैं। आज विश्व के अनेक देशों के शीर्ष पदों पर महिलाएं विराजमान हैं। इसके अलावा आज के आत्मनिर्भर भारत के इस दौर में अनेक महिला उद्यमी देश की तरक्की में अपना योगदान दे रही हैं। लेकिन यह तस्वीर का एक रुख है।

तस्वीर का दूसरा रुख है 2021 की एक सर्वे रिपोर्ट जिसमें यह बात सामने आती है कि 37 प्रतिशत महिलाओं को उसी काम के लिए पुरुषों के मुकाबले कम वेतन दिया जाता है। 85 फीसद महिलाओं का कहना है कि उन्हें पदोन्नति और वेतन के मामले में नौकरी में पुरुषों के समान अवसर नहीं मिलते। लिंक्डइन की इस सर्वे रिपोर्ट के अनुसार आज भी कार्य स्थल पर कामकाजी महिलाओं के साथ भेदभाव किया जाता है। महिलाओं को काम करने के समान अवसर उपलब्ध कराने के मामले में 55 देशों की सूची में भारत 52वें नम्बर पर है। इसे क्या कहा जाए कि हम वैश्विक स्तर पर महिला दिवस जैसे आयोजन करते हैं जिसमें महिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार देने की बातें करते हैं लेकिन जब तनख्वाह, पदोन्नति, समान अवसर प्रदान करने जैसे विषय आते हैं तो हम 55 देशों की सूची में अंतिम पायदानों पर होते हैं।

जाहिर है कि जब इस मुद्दे पर चर्चा होती है तो अनेक तर्क वितर्कों के माध्यमों से महिला सशक्तिकरण से लेकर नारी मुक्ति और स्त्री उदारवाद से लेकर लैंगिक समानता जैसे भारी भरकम शब्द भी सामने आते हैं और यहीं हम विषय से भटक जाते हैं क्योंकि उपरोक्त विमर्शों के साथ शुरू होता है पितृसत्तात्मक समाज का विरोध। यह विरोध शुरू होता है पुरुषों से बराबरी के आचरण के साथ। पुरुषों जैसे कपड़ों से लेकर पुरुषों जैसा आहार विहार जिसमें मदिरा पान सिगरेट सेवन तक शामिल होता है। जाहिर है कि तथाकथित उदारवादियों का स्त्री विमर्श का यह आंदोलन उदारवाद के नाम पर फूहड़ता के साथ शुरू होता है और समानता के नाम पर मानसिक दिवालियेपन पर खत्म हो जाता है।

हमें यह समझना चाहिए कि जब हम महिलाओं के लिए लैंगिग समानता की बात करते हैं तो हम उनके साथ होने वाले लैंगिग भेदभाव की बात कर रहे होते हैं। इस क्रम में समझने वाला विषय यह है कि अगर यह लैंगिक भेदभाव केवल महिलाओं द्वारा पुरुषों के समान कपड़े पहनने या फिर आचरण रखने जैसे सतही आचरण से खत्म होना होता तो अमेरिका और यूरोपीय संघ जैसे तथाकथित विकसित और आधुनिक देशों में यह कब का खत्म हो गया होता। लेकिन सच्चाई तो यह है कि इन देशों की महिलाएं भी अपने अधिकारों के लिए आज भी संघर्ष कर रही हैं। दरअसल महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि जब हम महिला अधिकारों के लिए लैंगिक समानता की बात करते हैं तो उसके मूल में एक वैचारिक चिंतन होता है कि एक सभ्य और विकसित समाज अथवा परिवार अथवा एक व्यक्ति के रूप में महिलाओं के प्रति हमारा व्यवहार समान, हमारी सोच समान, हमारा दृष्टिकोण समान, समान कार्य के लिए उन्हें दिया जाने वाला वेतन पुरुष के समान और जीवन में आगे जाने के लिए उन्हें मिलने वाले अवसर समान रूप से उपलब्ध हों। जिस दिन किसी भी क्षेत्र में आवेदक अथवा कर्मचारी को उसकी योग्यता के दम पर आंका जाएगा ना कि उसके महिला या पुरुष होने के आधार पर, तभी सही मायनों में हम महिला दिवस जैसे आयोजनों के प्रयोजन को सिद्ध कर पाएंगे।

**–डॉ. नीलम महेंद्र**

# भारी पड़ रहा है रासायनिक उर्वरकों को अत्यधिक उपयोग

रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का उपयोग खेत, खेती और सेहत पर भारी पड़ रहा है। देश में रासायनिक उर्वरकों के बढ़ते उपयोग को इसी से समझा जा सकता है कि आजादी के समय 1950–51 में देश में 7 लाख टन रासायनिक उर्वरकों का उपयोग होता था। एक मोटे अनुमान के अनुसार आज देश में 335 लाख टन से अधिक रासायनिक उर्वरको का उपयोग हो रहा है। इसमें 75 लाख टन उर्वरकों का तो आयात करना पड़ रहा है। यूरिया से नाइट्रोजन चक्र प्रभावित होता है और उससे ग्रीन हाउस गैस का उत्सर्जन बढ़ने से पर्यावरण प्रभावित होता है। दरअसल समस्या की जड़ दूसरी ओर है और वह यह कि उर्वरकों के संतुलित उपयोग के स्थान पर आंख मींच कर अंधाधुंध उपयोग से अधिक हालात खराब हुए हैं।

देश में उर्वरकों की खपत का विश्लेषण किया जाए तो केन्द्र शासित प्रदेशों सहित 797 जिलों में से केवल और केवल 292 जिलों में ही देश में उर्वरकों की कुल खपत की 83 फीसदी उर्वरकों की खपत हो रही है। यह अपने आप में गंभीर है। ऐसा नहीं है कि सरकार इसे लेकर गंभीर नहीं है अपितु सरकार ने उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभावों को देखते हुए ही 2004 में यूरिया के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभाव के अध्ययन के लिए सोसायटी फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर की स्थापना की। दुनिया की सहकारी क्षेत्र की उर्वरक उम्पादक सहकारी समिति इफको द्वारा नैनो उर्वरक तैयार कर उनकी उपलब्धता व उपयोग बढ़ाने के प्रयास इसी दिशा में बढ़ते प्रयासों में से एक माना जा सकता है। रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग के लिए केन्द्र व राज्यों के कृषि मंत्रालयों द्वारा सावचेत किया जाता रहा, पर यह नाकाफी होने के साथ ही सही मायने में प्रभावी तरीके से अवेयरनेस कार्यक्रमों का संचालन नहीं हो पा रहा है। आज पंच नदियों के प्रदेश में तेजी से जल स्तर कम होता जा रहा है। पंजाब के लोग ही पंजाब में उत्पादित गेहूं को अन्य प्रदेशों में खपाने और दूसरे प्रदेशों से गेहूं मंगाकर उपयोग में लेने लगे हैं। इसी तरह से देश में कैंसर के सर्वाधिक मामलें पंजाब से आ रहे हैं। रासायनिक उर्वरक और जहरीले कीटनाशक इसके प्रमुख कारण बताये जा रहे हैं। हो यह रहा है कि उर्वरकों के कारण मिट्टी के खेती में सहायक कीट नष्ट हो जाते हैं वहीं रासायनिक उर्वरक वर्षा आदि में बह कर नदी आदि प्राकृतिक जल स्त्रोतों को भी प्रदूषित कर देते हैं। रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से तैयार फसल के उपयोग से मानव और मवेशी दोनों के ही स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

रासायनिक उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग आज खेत, खेती, सेहत और पर्यावरण सब पर भारी पड़ रहा है। यह कोई हमारे



**रासायनिक उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग आज खेत, खेती, सेहत और पर्यावरण सब पर भारी पड़ रहा है। यह कोई हमारे यहां की ही समस्या नहीं अपितु रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग का दुष्प्रभाव दुनिया के समूचे देश भुगत रहे हैं।**

यहां की ही समस्या नहीं अपितु रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग का दुष्प्रभाव दुनिया के समूचे देश भुगत रहे हैं। रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति प्रभावित हो रही है तो पर्यावरण पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। यदि हम केवल और केवल हमारे देश की ही बात करें तो जो आंकड़ें सामने आ रहे हैं वे अत्यधिक चिंताजनक होने के साथ ही गंभीर भी हैं। रासायनिक खाद के बढ़ते इस्तेमाल के कारण देश की खेती योग्य भूमि में से 30 फीसदी भूमि बंजर होने की कगार पर पहुंचने लगी है। यह आंकड़ा कोई हवा हवाई नहीं होकर सेंटर फॉर साइंस एण्ड एनवायरमेंट की रिपोर्ट के अनुसार है। पंजाब, हरियाणा सहित कई प्रदेशों में कृषि उपज की सेचुरेशन वाले हालात हमारे सामने हैं। इसके साथ ही रासायनिक उर्वरकों और जहरीले कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग का परिणाम जानलेवा कैंसर रोग का फैलाव सामने हैं। आज पंजाब और उससे लगते हिस्सों में कैंसर आम होता जा रहा है।

दरअसल औद्योगिक क्रांति की शुरुआत के साथ ही दुनिया के देशों में रासायनिक उर्वरकों का उपयोग तेजी से बढ़ा है। खाद्यान्न संकट से निपटने और यों कहें कि कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए रासायनिक उर्वरक बेहतर विकल्प के रुप में सामने आये। इसमें भी कोई दो राय नहीं कि कृषि उत्पादन बढ़ने के कारण ही आज दुनिया के देश खाद्यान्न संकट से मुकाबला करने की स्थिति में आ सके हैं। हालांकि अब लगभग सभी देशों व विशेषज्ञों द्वारा रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के उपयोग को शनैः शनैः कम करने पर जोर दे रहे हैं। परंपरागत और जैविक खेती पर बल दिया जा रहा है। भारत में भी जैविक खेती पर बल दिया जा रहा है और 20 राज्यों में जैविक नीति लागू करने की पहल की है। खासतौर से उत्तर पूर्वी राज्यों को तो शतप्रतिशत जैविक खेती वाले प्रदेश बनाया जा रहा है। दुनिया के देशों में जहां भूटान जैविक खेती प्रधान देश है वहीं दुनिया में हमारा सिक्किम जैविक खेती के मामले में अव्वल नंबर पर है। यह भी साफ होता जा रहा है कि जैविक और परंपरागत खेती की और बढ़ाना ही होगा पर इसमें कोई दो राय नहीं कि यह सब एक दिन में नहीं हो सकता इसके लिए चरणबद्ध प्रयास करने होंगे।

रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग के दुष्परिणामों से बचने के लिए दोहरी और दूरगामी नीति बनाकर आगे बढ़ना होगा। एक और जहां योजनाबद्ध तरीके से रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को आवश्यकता के अनुसार ही प्रयोग के लिए किसानों को प्रेरित करना होगा वहीं दूसरी और ऑर्गेनिक व परंपरागत खेती को प्रोत्साहित करना होगा। इसके लिए आवश्यक हो तो बजटरी प्रोविजन अधिक करना पड़े तो सरकार को इसे दीर्घावधि निवेश मानकर ही किसी तरह का संकोच नहीं करना होगा। इसके लिए सरकारी और गैरसरकारी संस्थाओं को भी अवेयरनेस प्रोग्राम चलाने होंगे। इसमें कोई दो राय नहीं कि बढ़ती आबादी और देश में खाद्यान्नों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए सरकार को पूरी तरह से उर्वरकों के उपयोग को नकारने की गलती नहीं करनी होगी। बांग्लादेश की पिछले दिनों की गलती से भी सबक लेना होगा। कहने का अर्थ है कि एक और चरणबद्ध तरीके से रासायनिक उर्वरकों का संतुलित उपयोग बढ़ाना होगा वहीं वैकल्पिक उपायों पर गंभीरता से काम करना होगा।

**–डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

# राशिफल

फाल्गुन कृष्ण पक्ष : द्वादशी | (विक्रम संवत् 2080)

**मेष– (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)** व्यावसायिक सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान दोनों ही लाभप्रद रास्ते में चल पड़े हैं।

**वृष– (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)** भाग्य साथ देगा। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। यात्रा में लाभ होगा। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान अच्छा।

**मिथुन– (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)** परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। चोट–चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। स्वास्थ्य में ध्यान दें।

**कर्क– (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)** नवप्रेम का अवसर मिलेगा। शादी–ब्याह तय हो सकता है। नौकरी–चाकरी की स्थिति सुदृढ़ होगी।

**सिंह– (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)** शत्रु भी मित्र बनने की कोशिश करेंगे। प्रेम,संतान का साथ होगा। व्यापार अच्छा होगा। स्वास्थ्य थोड़ा सा नरम–गरम।

**कन्या– (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)** बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तू–तू, मैं– मैं का संकेत है। भावुक होकर कोई निर्णय मत लीजिएगा।

**तुला– (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)** भूमि, भवन, वाहन की खरीदारी संभव है। घर में कुछ उत्सव संभव है, लेकिन गृह–कलह भी दिख रही है। स्वास्थ्य अच्छा।

**वृश्चिक– (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)** व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। अपनों का साथ होगा। भाई–बहन साथ देंगे। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान अच्छा।

**धनु– (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)** धन आगमन होगा। कुटुंब में वृद्धि होगी। अपनों का साथ होगा। प्रेम, संतान, व्यापार सबकुछ बहुत अच्छा। स्वास्थ्य में सुधार।

**मकर– (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)** सितारों की तरह चमकेंगे। जरुरत के हिसाब से वस्तुएं जीवन में उपलब्ध होंगी। जो चाहेंगे वो करेंगे। प्रेम, संतान साथ।

**कुम्भ– (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)** खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। चिंताकारी सृष्टि का सृजन हो रहा है। स्वास्थ्य नरम–गरम। प्रेम, संतान ठीक–ठाक।

**मीन– (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)** रुका हुआ धन वापस मिलेगा। आय के नवीन स्तोत्र बनेंगे। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। स्वास्थ्य में सुधार।

# अलग पहचान मिल रही है देश की नारी को : डा. महेश शर्मा




**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं सांसद तथा भाजपा लोकसभा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा ने शिवालिक वाटिका सूरजपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की समस्त नारी शक्ति को संबोधित किया गया। डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि यत्र नार्युस्ते पूज्यंते रमन्ते तत्र देवता अर्थात् जहां नारी की पूजा सम्मान होता है। वहाँ देवता निवास करते है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश की नारी शक्ति को नई पहचान मिल रही है। नारी शक्ति अधिनियम से संसद में 33 प्रतिशत भागीदारी से नारी शक्ति का आर्थिक सामाजिक सशक्तिकरण जो हो रहा है वह और बढ़ेगा और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री तीसरी बार बनाना है। अबकी बार 400 पार करना है उसके लिये ज़्यादा से ज़्यादा मतदान कर उन्होंने अपने लिये लोकसभा चुनाव के लिये वोट की अपील की।

इस अवसर पर मुख्य रूप से ज़िला उपाध्यक्ष सेवानंद शर्मा, ज़िला महामंत्री मनोज गर्ग, मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्या, कार्यक्रम संयोजक अर्पणा त्रिपाठी, ज़िला मंत्री सत्यपाल शर्मा, दर्शाना सिंह, मनोज भाटी, सांसद प्रतिनिधि अभिषेक शर्मा, बलराज भाटी, रवि जिन्दल, मूलचंद प्रधान, सुशीला, शिक्षिका, जयदेव शर्मा, लक्ष्मण सिंघल, ज्योति सिंह, शशि सिंह, डॉक्टर प्रियंका चौधरी, लीना शर्मा, रीना सिंह, उषा वत्स, कोमल गुप्ता, ममलेश कंबोज, सुमन ओमवती, राजबाला, सुनील सोनक, राजेश ठेकेदार, हरि पंडित, संजीव चौहान, चन्दन शर्मा आदि नारी शक्ति उपस्थित रही।

# सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का यूथ कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**ग्रेटर नोएडा( चेतना मंच )।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के कल जनपद आगमन पर मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष कुंवर नादिर शाह के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर यूथ ब्रिगेड के कार्यकर्ता काफी संख्या में मौजूद रहे बता दें कि कल उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौतमबुद्ध नगर जिले के दौरे पर थे इस दौरान यूथ ब्रिगेड के कार्यकर्ताओं ने उनके भव्य स्वागत किया। इस मौके पर संजय यादव, अनुज भाटी, यूनुस प्रधान, अब्दुल, नीतीश भाटी, दुष्यंत भाटी, आमिर चौधरी, पोली नेता, सलमान चौधरी, रिहान चौधरी, सलीम राव, कुलदीप शर्मा, राहुल शर्मा, पप्पन चौधरी, शाहनवाज, दीपक भाटी, गुलजार चौधरी डा. मशरूफ, मुफीद चौधरी, अफसर भाई, राहुल यादव, जुबेर चौधरी योगेश पंडित, महताब चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।



**भारतीय किसान यूनियन ( बलराज ) संगठन के बैनर तले गांव शाहदरा सेक्टर-142 में अनिश्चितकालीन धरना 21वें दिन भी जारी।**

# तारा चंद बने मेरठ मण्डल के सचिव



**नोएडा (चेतना मंच)।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं अखिल भारतीय बंजारा महासभा उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष ताराचंद नायक को एमएसएमई में मेरठ मंडल का सचिव मनोनीत किया गया है।

मेरठ मंडल का सचिव बनने पर ताराचंद नायक को उनके शुभचिंतकों एवं अन्य सामाजिक संगठन के कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है बता दें कि ताराचंद नायक काफी लंबे समय से बंजारा महासभा एवं भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हुए हैं।

# पथ विक्रेताओं ने दिया ज्ञापन



**नोएडा( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण वर्क सर्किल संख्या-2 वेंडिंग जोन संख्या- 9, बोटैनिकल गार्डन सेक्टर- 38, ए नोएडा के वेंडर्स वेंडर्स को रोजगार करने से रोकने की गई कार्रवाई के विरोध में आज पथ विक्रेता कर्मकार यूनियन गौतमबुद्धनगर अध्यक्ष पूनम देवी व सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा के नेतृत्व में वेंडर्स ने प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय को संबोधित ज्ञापन दिया। ज्ञापन प्राधिकरण के एजीएम आशीष भाटी ने लिया।

# वसील अहमद बने भाकियू (पथिक) के राष्ट्रीय सचिव



**दादरी ( चेतना मंच )।** सामाजिक कार्यकर्ता वसील अहमद को भारतीय किसान यूनियन (पथिक) का राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है।

यह मनोनयन भारतीय किसान यूनियन पथिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं ओमपाल भाटी ने की है। वसील अहमद को राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर संगठन के कार्यकर्ताओं ने उनका फूल माला पहनकर स्वागत किया है।



**आगामी 14 मार्च को दिल्ली स्थित रामलीला मैदान में होने वाली किसान महापंचायत को लेकर तैयारियों में जुटे भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौ. राकेश टिकैत एवं पश्चिम प्रदेश के अध्यक्ष पवन खटाना**

# सपाईयों ने किया राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के ग्रेटर नोएडा आगमन पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी के नेतृत्व में सूरजपुर गोलचक्कर पर उनका जोरदार स्वागत किया। अखिलेश यादव ग्रेटर नोएडा में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने लिए आये थे। इस अवसर पर उनके स्वागत के लिए जिले के कोने-कोने से भारी संख्या में कार्यकर्त्ता डीएनडी फ्लाईओवर पहुंचे। डीएनडी फ्लाईओवर पर अखिलेश यादव का काफिला पहुंचते ही स्वागत करने वालो का हुजूम उमड़ पड़ा। सपा कार्यकर्ता अपने नेता से मिलने के लिए काफी उत्साहित दिखाई दिए।

इस मौके पर मुख्य रुप से जिला महासचिव सुधीर तोमर, यूनुस प्रधान, कुंवर नादिर अली, पीतांबर शर्मा, औरंगजेब अली कपिल ननका, अब्दुल हमीद, सुखेंद्र नागर, वकील सिद्दीकी, राकेश गौतम, मनोज भाटी एडवोकेट, विनीत यादव, मेहंदी हसन, संजय खान, जाने आलम नूरी, अकबर खान, हुकुम सिंह भारती, विपिन सेन, ओंकार भाटी, वीरपाल नागर, अनीस अहमद, विजेंद्र चौहान, सुमित पंडित, संजय यादव, गजेन्द्र यादव, विनय शर्मा, देवेंद्र भाटी, अनिल नागर, दिगंबर सिंह, महेश जाटव, मुरारी लाल गौतम, प्रेमपाल रावल, डॉ जावेद आलम, दीपक रावल, यूनुस मेहंदी, अतुल प्रधान, अभिषेक भाटी, प्रीत प्रधान, हरेंद्र लाला, सोहेल गुड्डु, राशिद खान, जावेद अंसारी, कपिल दीक्षित आदि मौजूद रहे।









**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार 6 मार्च 2024 को दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर पर दुहाई से मुरादनगर नॉर्थ के 17 किलोमीटर लम्बे सेक्शन का उद्घाटन कोलकाता से वर्चुअली किया। मुरादनगर नमो भारत स्टेशन पर कार्यक्रम हुआ जिसमें केन्द्रीय मंत्री हरिदीप सिंह पुरी, गाजियाबाद के सांसद पूर्व जनरल वी.के. सिंह व अन्य अतिथिगण मौजूद रहे। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने नमो ट्रेन में सवारी भी की।**





**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये वरिष्ठ मण्डल विद्युत इन्जी. (कर्षण वितरण) झांसी के निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**ई-निविदा सूचना संख्या:** झॉसी/टी डी/टेन्डर/2023/26

**कार्य का नाम:** झांसी मडल के बिरलानगर-ऊंदीमोर खण्ड में भिण्ड स्टेशन पर लेबिल क्रासिंग नं0 50 (किलोमीटर 1305/16-17 के मध्य), गोहद रोड स्टेशन पर लेबिल क्रासिंग नं0 33 (किलोमीटर 1267/16-17 के मध्य) एवं लेबिल क्रासिंग नं0 28 (किलोमीटर 1259/6-7 के मध्य) के बदले रोड ओवर ब्रिज के निर्माण हेतु ओ0एच0ई0 में मोडिफिकेशन का कार्य।

**अनुमानित लागत (रू):** 4598682.15 | **अमानत राशि/बिड सिक्योरिटी (रू):** 92000.00

**ई-निविदा सूचना संख्या:** झॉसी/टी डी/टेन्डर/2023/27

**कार्य का नाम:** झांसी मंडल के वीरांगना लक्ष्मी बाई झांसी-मानिकपुर खण्ड में लेबिल क्रासिंग नं0 379 (किलोमीटर 1158/11-12 के मध्य) के बदले रोड ओवर ब्रिज के निर्माण हेतु ओ0एच0ई0 में मोडिफिकेशन का कार्य।

**अनुमानित लागत (रू):** 2462265.30 | **अमानत राशि/बिड सिक्योरिटी (रू):** 49300.00

**ई-निविदा सूचना संख्या:** झॉसी/टी डी/टेन्डर/2023/28

**कार्य का नाम:** झांसी मंडल के झांसी-एरच खण्ड में ब्रिज कमांक-1153/02 (अप लाइन किलोमीटर 1153/07-09) ब्रिज के पुर्ननिर्माण, झांसी-कानपुर खण्ड में ब्रिज कमांक-1239/01 (डाउन लाइन किलोमीटर 1239/08-10) एवं ब्रिज कमांक 1325/01 (डाउन लाइन किलोमीटर 1325/6-8-10) तथा ब्रिज कमांक 1301/01 (डाउन लाइन किलोमीटर 1301/8-14) एवं ब्रिज कमांक-1340/04 (डाउन लाइन किलोमीटर 1340/30-32) पर रि-गर्डरिंग का कार्य होने के कारण ओ0एच0ई0 में मोडिफिकेशन का कार्य।

**अनुमानित लागत (रू):** 4712141.15 | **अमानत राशि/बिड सिक्योरिटी (रू):** 94300.00

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि :** 09 माह, **निविदा बन्द होने की तिथि : 27.03.2024, 15:00 pm,** • निविदा दिनांक **27.03.2024** को **15:00** बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **374/24(P)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR



**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

**RNI No. 69950/98**

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

**Contact:** 0120-2518100, 4576372, 2518200
**Mo.:** 9811735566, 8750322340

**E-mail:** chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# क्यूआर कोड से चालान वेरिफिकेशन कराने वाला प्रदेश का पहला विभाग बना ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** आवंटित संपत्ति के एवज में किए गए भुगतान का चालान सही है या फिर कोई गड़बड़ी है, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में अब इसका पता आसानी से चल जाएगा। प्राधिकरण ने एचडीएफसी बैंक के सहयोग से हाई सिक्योरिटी क्यूआर कोड तैयार कराया है, जिसे बुधवार को लांच कर दिया गया। अब हर चालान पर दो क्यूआर कोड बने होंगे, जिसे स्कैन करते ही चालान का वेरीफिकेशन हो जाएगा।

वित्तीय लेनदेन को और सुरक्षित बनाने तथा चालान में गड़बड़ी को रोकने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार की पहल पर एचडीएफसी बैंक के सहयोग से हाई सिक्योरिटी क्यूआर कोड तैयार किया गया है।

बुधवार को प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार, एसीईओ मेधा रूपम, एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग, एसीईओ श्रीलक्ष्मी वी.एस. व एसीईओ सुनील कुमार सिंह और एचडीएफसी बैंक की टीम की मौजूदगी में इसे लांच कर दिया गया। एचडीएफसी बैंक के सर्कल प्रमुख तापस दास और क्लस्टर प्रमुख हेमंत नंदा ने बताया कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में वित्तीय लेनदेन को और सुरक्षित बनाने के लिए यह पहल की गई है।




प्राधिकरण के पेमेंट गेटवे के माध्यम से लेन-देन की सभी रसीदों और चालान पर हाई सिक्योरिटी फीचर्स से लैस क्यूआर कोड तैयार किया गया है। आवंटी भुगतान के लिए जब भी चालान जनरेट करेगा, उस पर क्यूआर कोड अंकित रहेगा। चालान की एक कॉपी प्राधिकरण के रिकॉर्ड में भी लगा दी जाएगी। इसी क्यूआर कोड से जब चाहें, वेरीफिकेशन हो जाएगा। चालान पर दो क्यूआर कोड होगा। एक क्यू आर कोड से भुगतान की सामान्य डिटेल आ जाएगी और दूसरे क्यूआर से रीयल टाइम पेमेंट, भुगतान का मोड सहित अन्य जरूरी जानकारी अंकित रहेगा। इससे चालान में कोई गड़बड़ी नहीं हो सकेगा। बैंक का दावा है कि हाई सिक्योरिटी फीचर्स से लैस क्यूआर कोड के जरिए वित्तीय चालान का वेरीफिकेशन करने वाला ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण प्रदेश में पहला सरकारी विभाग बन गया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने कहा कि वित्तीय लेनदेन का वेरीफिकेशन करने के लिए यह सबसे कारगर तरीका साबित होगा। इसका फायदा सभी को मिलेगा। अगर किसी ने गलत चालान लगाया तो क्यूआर कोड से तत्काल पक? में आ जाएगा। साथ ही वेरीफिकेशन में लगने वाला समय भी बचेगा।

इस दौरान ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जीएम वित्त विनोद कुमार, डीजीएम अभिषेक जैन, जीएम प्लानिंग लीनू सहगल, ओएसडी हिमांशु वर्मा, ओएसडी नवीन कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारीगण और एचडीएफसी बैंक से गौरव सिंह व एसपी सिंह भी मौजूद रहे।

# वैश्य समाज का महासम्मेलन एवं होली मिलन समारोह 10 को



**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-9 स्थित कार्यालय पर अखिल भारतीय अग्रवाल वैश्य मित्र मंडल एवं पोरवाल समाज सेवा समिति द्वारा आयोजित होने वाले वैश्य समाज महासम्मेलन एवं होली मिलन समारोह को लेकर एक बैठक की गई जिसमें समारोह को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

अखिल भारतीय अग्रवाल वैश्य मित्र मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष राधा कृष्ण गर्ग ने बताया कि 10 मार्च 2024 को हम वैश्य समाज महासम्मेलन एवं होली मिलन समारोह का आयोजन करने जा रहे है, इस सम्मेलन में वैश्य समाज के 16 घटक के लोगों के आने की स्वीकृत मिल चुकी है जिसमें अग्रवाल समाज, पोरवाल समाज, चतुर्सैनी समाज, कानू समाज, वर्णवाल समाज, माहेश्वरी समाज, जैन समाज, दिगंबर जैन समाज, स्वेतांबार, जायसवाल समाज, सूरी समाज, रौनियार समाज, कलवार समाज, माथुर वैश्य समाज, तेली समाज, केशरवानी समाज, चौरसिया समाज शामिल है, जिनकी संख्या और भी बढ़ने की संभावना है।

पोरवाल समाज सेवा समिति के राष्ट्रीय संरक्षक सुधीर चंद्र पोरवाल ने बताया कि वैश्य समाज महासम्मेलन एवं होली मिलन समारोह का आयोजन सेक्टर 56 स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में सुबह 10:30 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम से शुरू होगा जिसमे सभी समाज के लोगों का सम्मान किया जाएगा और समाज के विकास और आपसी सदभाव पर चर्चा होगी एवं दोपहर 2.30 बजे फूलों की होली खेलकर कार्यक्रम समापन होगा।

इस अवसर पर राज कुमार अग्रवाल, लव केश गोयल, मधुबाला, दिलीप कुमार, मनोज गोयल, अमीष राजवंशी, मनोज गुप्ता, राजकुमार बंसल, अतुल गुप्ता, कपिल गर्ग, दीक्षित गोयल, श्रीभगवान अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# उपेक्षित है अंतिम निवास जाने वाली सड़क

## पंजाबी एकता समिति ने सीईओ को लिखा पत्र

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-94 स्थित अंतिम संस्कार के पास से गुजर रही सड़क अतिक्रमण की भेंट चढ़ गई है। इससे आवागमन करने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नोएडा पंजाबी एकता समिति ने नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम को एक पत्र भेजकर कर शिकायत की है।

नोएडा पंजाबी एकता समिति के महासचिव नरेन्द्र चोपड़ा ने नोएडा सीईओ से पत्र के माध्यम से कहा है कि सेक्टर-94 में स्थित अंतिम संस्कार के सामने 60 मीटर सड़क है। जो दो भागों में विभाजित है। परन्तु एक लम्बे अंतराल के पश्चात् भी केवल 30 मीटर सडक पर ही दोनों तरफ से आवाजाही होती है। रात्रि में तो इस सड़क पर हालात और भी खराब हो जाती है। इस सड़क पर अंतिम निवास से कुछ दूरी पर ही शराब की दुकाने है और रात्रि में शराब लेने वालों की गाड़िया सड़क पर खड़ी होती है और उसी सडक पर दोनों ओर से गाड़ियों की आवाजही होती है। जिससे गाड़ियों के एक्सीडेंट की प्रबल संभवाना बनी रहती है और दूसरी तरफ जो 30 मीटर की सडक है उस सड़क पर अवैध ट्रक और बस खड़ी रहती है। कभी-कभी यहां वाहनों की निकासी को लेकर लोगबाग आपस में झगड़ बैठते हैं। आशंका बनी रहती है कि यहां पर कोई बड़ा हादसा न हो जाए। समिति के महासचिव नरेन्द्र चोपड़ा ने नोएडा प्राधिकरण के सीईओ से अनुरोध किया है कि खस्ताहाल दूसरी तरफ की 30 मीटर सड़क का निर्माण अति शीघ्र कराया जाये और जनता को एक्सीडेंट और सड़क जाम से समस्या से मुक्ति दिलाई जाए।



# 'सिर्फ भाजपा में ही सुरक्षित ओबीसी के हित'

## ग्राम भूड़ा में ओबीसी मोर्चा ने किया सामाजिक सम्मेलन



**नोएडा (चेतना मंच)।** आजादी के बाद से भारतीय जनता पार्टी ने पिछड़ा वर्ग के उत्थान व विकास के लिए जितने कार्य किए हैं उतने किसी भी राजनीतिक दलों की सरकारों ने नहीं किये। यही कारण है कि आज पिछड़ा वर्ग पूरी तरह भाजपा के साथ है। यह दावा किया भाजपा के नोएडा महानगर जिला मंत्री गणेश जाटव ने। वे आज ओबीसी मोर्चा द्वारा शहीद भगत सिंह मंडल के ग्राम भूड़ा में सामाजिक सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष उमेश यादव ने की तथा मंच का संचालन मोर्चा महामंत्री भगत भाटी ने किया। श्री जाटव ने सामाजिक सम्मेलन में ओबीसी वर्ग की सामाजिक सम्मेलन के माध्यम से मोदी जी द्वारा ओबीसी वर्ग के लिए किए गये अनेक कार्यों को गिनाया।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष सतेंद्र सिरोही, जिला मंत्री सुधीर अवाना, मण्डल अध्यक्ष सीतम भाटी, सुरेंद्र बंसल, राजवीर भाटी, राजेंद्र भाटी, लच्छु नागर एवं ओमवीर जाटव समेत कई कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।

# पृष्ठ एक के शेष....

**तीन घरों के चोरों...**

कमरे का भी ताला टूटा हुआ था चोर उसके कमरे से कपड़े घड़ी व अन्य सामान चोरी कर ले गए थे। गौरव के मुताबिक आसपास लगे कैमरे की फुटेज खंगाली गई तो उसमें बाइक पर सवार दो युवक चोरी की घटना को अंजाम देते हुए दिखाई दिए। पीड़ित की शिकायत पर थाना सेक्टर 63 पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

वहीं थाना दादरी क्षेत्र के करतार एंक्लेव में रहने वाले शिव शंकर शर्मा के घर से चोरों ने स्कूटी होम थिएटर एलइडी टीवी गैस सिलेंडर सोने की दो अंगूठी सोने की चैन मंगलसूत्र चांदी सिक्के व 7 हजार रूपए की नगदी पर हाथ साफ कर दिया। शिव शंकर ने बताया कि चोरों ने रात्रि के समय इस घटना को अंजाम दिया।

**फैक्टरी की...**

अपनी जमीन बताते हुए जेसीबी से फैक्ट्री की दीवार गिरा दी। दीवार गिरने की वजह से टीन शेड के नीचे लगी मशीन व गेट भी टूट गए। उसने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी जिसके बाद आरोपी रजनीश यादव व उसके साथी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**शादी में डांस के...**

वहीं मुरादनगर निवासी सौरभ कुमार ने बताया कि वह दादरी बाईपास राधा कुंज दो में प्रॉपर्टी खरीदने व बेचने का काम सुनील यादव के साथ मिलकर करता है। उसने बम्हेटा गाजियाबाद निवासी योगेश यादव को कुछ पैसे उधार दे रखे थे। पैसों के लेनदेन के विवाद में योगेश यादव नरेंद्र दुष्यंत ने उसके साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। आरोपियों ने धमकी दी कि अगर उसने पुलिस में शिकायत की तो उसे तथा उसके परिवार वालों को जान से मार दिया जाएगा।

**हिंडन नदी की दुर्दशा...**

जीविका, विकास और पर्यावरण के बीच सन्तुलन बनाकर पर्यावरणीय समस्याओं से निजात पाया जा सकता है। विकास और पर्यावरण को साथ लेकर चलना जरूरी है। वैज्ञानिकों तरीकों से प्रदूषण पर काबू पाया जा सकता है। जनता के सहयोग से ही प्रदूषण मुक्त भारत बनाया जा सकता है। पर्यावरण से सम्बन्धित अधिकारियों को बढ़ते प्रदूषण की ओर ध्यान देने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में प्रदूषण कन्ट्रोल करने के लिए हर सम्भव प्रयास किये जाये, समय-समय निरीक्षण व जांच की जाए। पर्यावरण संरक्षण सम्बंधित सभी अधिकारियों में आपसी समन्वय होना चाहिए साथ ही पर्यावरण सम्बन्धित उद्योगपतियों, व्यापारी, व्यवसायी, ट्रांसपोटरों, बिल्डरों एवं निर्माण आदि करने वाली एजेंसियों सहित अन्य संस्थानों से प्रदूषण की रोकथाम के लिए सम्पर्क कर पर्यावरण संरक्षण करने में सहयोग प्राप्त करें।

जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा द्वारा सदस्य को डिस्ट्रिक्ट एनवायरनमेंट प्लान एवं नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यीडा के निर्माण एवं विकास के बारे में अवगत कराया गया एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा पावर पॉइंट के माध्यम से निर्माण कार्यों एवं विकास कार्यों की पीपीटी का अवलोकन एनपीटी सदस्य को कराया गया।

बैठक में अपर मुख्य कार्यपालिका अधिकारी वंदना त्रिपाठी, संजय खत्री, सतीश पाल, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उत्सव शर्मा, प्रभागीय वनाधिकारी पीके श्रीवास्तव, जिला खान अधिकारी निर्मल रंजीत एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**डा. महेश शर्मा को...**

विपक्षी दल अपना गठबंधन का प्रत्याशी भी नहीं उतर पा रही हैं।

भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा सांसद प्रतिनिधि संजय बाली का कहना है कि गौतमबुद्धनगर क्षेत्र केन्द्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी कार्यों के कारण भाजपा का गढ़ बना हुआ है। वर्ष-1996 से लेकर आज तक यहां भाजपा का ही प्रत्याशी (वर्ष 2009 को छोड़कर) लगातार जीत रहा है। भाजपा ने डॉ. महेश शर्मा को यहां चौथी बार प्रत्याशी बनाया है। इस लोकसभा में समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी तथा कांग्रेस हमेशा दूसरे, तीसरे तथा चौथे नंबर की लड़ाई लड़ती रही है। समाजवादी पार्टी तो वर्ष 1992 यानी पार्टी के गठन से लेकर आज तक इस सीट पर कभी भी जीत हासिल नहीं कर पाई। कमोबेश यही हालत कांग्रेस की भी है। उन्होंने कहा कि भाजपा को क्षेत्र की जनता का हमेशा से प्यार तथा आशीर्वाद मिलता रहा है। इस बार भी डॉक्टर महेश शर्मा को क्षेत्र की जनता अपना भरपूर प्यार तथा आशीर्वाद देगी तथा ऐतिहासिक मतों से जिताकर डा. महेससा शर्मा को लोकसभा भेजेगी।

श्री बाली ने कहा कि यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किए गए जन कल्याणकारी कार्यों तथा सांसद डॉ. महेश शर्मा द्वारा क्षेत्र की जनता के लिए हमेशा तत्पर रहने के कारण ही संभव हो पाया है।

**दुकान खोलकर बेचने...**

28 मोबाइल फोन एक लैपटॉप एक सैमसंग टैब बरामद हुआ। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम इकबाल पुत्र यासीन निवासी खजूरी खास दिल्ली, रईस खान पुत्र शमी निवासी अशोक विहार कॉलोनी थाना लोनी गाजियाबाद तथा राजा पुत्र फहीम कुरैशी निवासी लोनी बताया। आरोपियों से जब पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि वह मकान से मोबाइल व लैपटॉप चोरी करने की वारदातों को अंजाम देते हैं। चोरी के मोबाइल व लैपटॉप को राजा व रईस अपनी दुकान पर बेच देते थे।

एडीसीपी ने बताया कि पकड़े गए तीनों आरोपियों में मोबाइल व लैपटॉप चोरी की दर्जनों घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ थाना बीटा-2 में मुकदमा दर्ज किया गया है। इनके आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है।

एडीसीपी ने बताया कि इन आरोपियों के अलावा थाना बीटा-2 पुलिस ने गश्त के दौरान यथार्थ गोल चक्कर के पास से शाहरुख पुत्र सलीम निवासी नई आबादी थाना दादरी को गिरफ्तार किया। तलाशी में इसके पास से एक तमंचा कारतूस व चोरी के पास मोबाइल फोन बरामद हुए। पकड़े गए आरोपी ने बताया कि उसने अलग-अलग स्थान से फोन चोरी करने की घटनाओं को अंजाम दिया है।

**गौर सिटी के...**

मैंटेनेस विभाग की मदद से फ्लैट का ताला तोड़ा गया और आग पर काबू किया गया। फ्लैट के ऑनर बुधवार को फ्लैट बंद करके बाहर घूमने गए हुए हैं। सेकेंड फ्लोर में लगी आग थर्ड फ्लोर तक पहुंच गयी थी उसे भी फायर बिग्रेड की गाड़ियों ने काबू किया। इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। आग लगने के कारण पूरा टॉवर धुएं की चपेट में आ गया था। सोसाइटी में अफरा तफरी का माहौल था।

**जनता के बीच से...**

और उनका जगह-जगह स्वागत किया गया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव बुधवार को जनपद गौतमबुद्धनगर में आए थे। वह सपा से टिकट मांग रहे प्रधान श्रीपाल अवाना के असगरपुर गांव स्थित आवास पर पहुंचे। यहां सपा नेता श्रीपाल प्रधान, पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं तथा ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने श्रीपाल प्रधान उनके परिजनों से आत्मीय भेंट की और हाल-चाल पूछा इसके बाद उन्होंने विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर भी पदाधिकारी के साथ चर्चा की। सपा के प्रदेश सचिव राकेश यादव ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में जुटने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी को जीतने के लिए कार्यकर्ता अभी से अपने-अपने बूथ पर काम कर जनता से जनसंपर्क में जुट जाए। उन्होंने आश्वासन दिया है कि लोकसभा चुनाव में जनता के बीच के व्यक्ति को ही प्रत्याशी बनाया जाएगा। मुलाकात के दौरान समाजवादी पार्टी से लोकसभा चुनाव के लिए टिकट की दावेदारी कर रहे श्रीपाल प्रधान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को बताया कि चुनाव को लेकर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता गंभीर है। लोकसभा चुनाव को मजबूती के साथ लड़ा जाएगा। पार्टी हाई कमान का जो भी निर्देश होगा उसी के मुताबिक चुनावी रणनीति बनाई जाएगी।

इस मौके पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव राकेश यादव, प्रदेश सचिव महेंद्र यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रताप चौहान, पुष्पेंद्र यादव, सुखवीर खलीफा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

**परिवार से मिलने...**

आदेश पर हाल ही में हरेंद्र राठी को 6 माह के लिए जिला बदर किया गया था। इसकी सूचना नोटिस के द्वारा 25 फरवरी को हरेंद्र राठी को दे दी गई थी। जिला बदर किए जाने के बावजूद भी जनपद की सीमा में प्रवेश करने पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है।



## गाजियाबाद में ड्रग विभाग ने 1.10 करोड़ की नकली दवाइयां जब्त कीं, एक गिरफ्तार

गाजियाबाद ।यूपी के गाजियाबाद में मंगलवार को नकली दवाइयों की एक फैक्ट्री पकड़ी गई है।यहां से ड्रग डिपार्टमेंट ने एक करोड़ 10 लाख की नकली दवाइयां जब्त की हैं।ये नकली दवाइयां कई नामी कंपनियों के नाम से पैक करके बेची जा रही थीं।यह कार्रवाई गाजियाबाद के राजेंद्र नगर और भोपुरा इलाके में हुई है जहां पर ड्रग विभाग ने छापा मारकर नकली दवाइयां का जखीरा बरामद किया है।इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।इस फैक्ट्री को लेकर पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। ड्रग विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक एक सूचना के आधार पर ड्रग डिपार्टमेंट ने गाजियाबाद के दो अलग-अलग इलाकों में छापेमारी की। छापेमारी में 1 करोड़ 10 लाख रुपये की नकली दवाइयां मिली हैं।बताया जा रहा है कि नामी कंपनी के नाम से नकली दवाएं पैक कर बेची जा रही थीं।यह मामला गाजियाबाद के राजेंद्र नगर और भोपुरा इलाके का है। ड्रग विभाग की इस रेड में पकड़ी गईं ज्यादातर दवाइयां शुगर और गैस की हैं। छापेमारी के दौरान पैकेजिंग मशीन और नकली दवाइयां बरामद की गई हैं। ड्रग विभाग ने 14 दवाइयों के सैंपल लिए हैं। ड्रग विभाग ने साहिबाबाद थाने में फैक्ट्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।इस मामले में एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है।

## ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने चलाया बुलडोजर, 60 हजार वर्ग मीटर जमीन से हटाया अवैध अतिक्रमण

ग्रेटर नोएडा ।ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ग्राम खेड़ा चौगानपुर की अधिसूचित और बिसरख की अधिग्रहित जमीन पर बन रहे अवैध निर्माण को तोड़ दिया।प्राधिकरण की टीम ने करीब 60 हजार वर्ग मीटर जमीन मुक्त कराई है, जिसकी कीमत करीब 120 करोड़ रुपये होने का आंकलन है।गांव खेड़ा चौगानपुर प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में है।कुछ कॉलोनाइजर गांव के खसरा नंबर 225 और 229 की जमीन पर अवैध निर्माण कर कॉलोनी काट रहे थे। टीम स्थानीय सुरक्षाकर्मियों के साथ अवैध निर्माण को ढहा दिया।टीम ने करीब 40 हजार वर्ग मीटर जमीन मुक्त करा लिया है।5 जेसीबी और एक डंपर का इस्तेमाल कर यह कार्रवाई की गई।इसी तरह बिसरख के खसरा नंबर 676, 698 और 699 की 20 हजार वर्ग मीटर जमीन को भी अतिक्रमण से मुक्त कराते हुए प्राधिकरण ने कब्जे में ले ली है।यह प्राधिकरण की अधिग्रहित और कब्जा प्राप्त जमीन है।इसके साथ ही बिसरख में ही खसरा नंबर 639 और 640 की जमीन पर अतिक्रमण शीघ्र हटाने के कड़ी चेतावनी दी गई है।ओएसडी ने चेतावनी दी है कि प्राधिकरण की अधिसूचित एरिया में जमीन कब्जाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

## मणिपुर में बस गए 1853 अवैध गांव

इंफाल।म्यांमर से आकर मणिपुर में 15000 से ज्यादा लोगअवैध रूप से बस गए हैं।इन लोगों ने 1853 अवैध गांव बसा लिए हैं।जहां पर म्यांमर से आए हुए 15000 से ज्यादा लोग रह रहे हैं। मणिपुर के 5 जिलों में यह अवैध गांव हैं। जिसके कारण मणिपुर की सारी व्यवस्थाएं बिगड़ गई हैं।मणिपुर के मुख्यमंत्री ने हालांकि सटीक संख्या नहीं बताई है। लेकिन राजस्व विभाग द्वारा जो सर्वे किया गया है।उसमें 2006 के बाद से लेकर अभी तक 1853 अवैध आबादी वाले गांव मिले हैं।यह गांव सड़क से 5 किलोमीटर तक की दूरी पर जंगल में बसे हुए हैं। पिछले 1 साल से मणिपुर में हिंसा भड़की है। मणिपुर के चुराचांदपुर,टेंप नो कांगपोकपी,पोखराल और चांदेल जिलों में यह आबादी रह रही है।हाल ही में गृह मंत्रालय ने म्यांमार से सटे बॉर्डर पर फेंसिंग का काम शुरू किया है।सीमा पर 10 किलोमीटर से ज्यादा फेंसिंग लगाई जा चुकी है।म्यांमार और बांग्लादेश के बीच में आंतरिक अशांति के चलते मणिपुर में अवैध रूप से आकर रहने वालों की संख्या चिंता जनक रूप से बड़ी है। मणिपुर की कानून व्यवस्था में भी इसका असर देखने को मिल रहा है।

## विदेश में बढ़ रहा है भारतीयों का निवेश, भारतीयों के लिए दुबई पहली पसंद

मुंबई ।भारतीय अमीर विदेश में भारी निवेश कर रहे हैं।4 साल में भारतीयों का निवेश दोगुना बढ़ गया है।रिजर्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022-23 में 2 लाख करोड रुपए, विदेश में निवेश किए गए हैं। भारतीय निवेशकों द्वारा 1.56 लाख करोड रुपए का निवेश संपत्ति खरीदने के लिए किया गया है।यूरोप के जिन देशों में भारत से निवेश किया गया है। उनमें ग्रीस, साइप्रस, माल्टा,स्पेन, यूएई और कतर शामिल हैं।

### दुबई सबसे पसंदीदा, मुंबई से सस्ती प्रॉपर्टी दुबई में

भारतीय अमीरों द्वारा दुबई की संपत्ति में सबसे ज्यादा निवेश किया जा रहा है। दुबई में गोल्डन वीजा जैसे इमीग्रेशन प्रोग्राम तथा संपत्ति खरीदने मे भारतीय अमीरों की रुचि,पिछले वर्षों में तेजी के साथ बढ़ी है। भारत की तुलना में कम कीमत पर दुबई में संपत्ति मिल रही है।जिसके कारण भारत की धन्नासेठ दुबई में निवेश कर रहे हैं।मुंबई मे अंधेरी के प्राइम लोकेशन पर जमीन का भाव 38000 से 45000 रुपए प्रति वर्ग फुट है। वही दुबई के शारजाह और अबू धाबी जैसे इलाकों के प्राइम लोकेशन में 25000 से 35000 वर्ग फुट में जमीन आसानी से जमीन उपलब्ध हो जाती है। दुबई में संपत्ति का किराया भी मुंबई की तुलना में ज्यादा है।दो नंबर का पैसा भी दुबई में आसानी के साथ खप जाता है।भारत जैसे नियम कानून और टैक्स दुबई में नहीं है।जिसके कारण भारतीय निवेशक दुबई में सबसे ज्यादा निवेश कर रहे हैं।अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देश में संपत्तियां 2 से 8 करोड रुपए में अच्छे लोकेशन पर मिल जाती हैं।किराया भी वहां का अच्छा है। विदेश में निवेश करने से कई अन्य सुविधाएं भी उस देश की मिल जाती हैं। इसलिए विदेश में भारतीयों का निवेश लगातार बढ़ता जा रहा है।

## बर्फबारी में तीन दिनों से फंसे 15 पर्यटकों को सुरक्षित निकाला

देहरादून/चोपता(चपाता) ।उत्तराखंड में पहाड़ों पर बर्फबारी से जहां कई रास्ते बंद हो गए और ठंड बढ़ गई तो मैदानी इलाकों में बारिश और ओले गिरने से किसानों की फसल बर्बाद हो गई।एसडीआरएफ ने जनपद रुद्रप्रयाग में चोपता सड़क मार्ग पर पेड़ गिरने के कारण अवरुद्ध मार्ग को सुचारु करते हुए 15 सदस्यीय पर्यटक दल को रेस्क्यू किया है। मंगलवार को उखीमठ पुलिस ने एसडीआरएफ टीम को सूचित किया कि चोपता मार्ग पर ज्यादा बर्फ पड़ गई है, जिस कारण 15 सदस्यीय पर्यटक दल फंस गया है। बता दें कि कुछ दिनों से मौसम लगातार खराब चल रहा है। पहाड़ों पर बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश और ओले गिरे, जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बर्फबारी के कारण चोपता में 15 पर्यटक फंसे हुए थे, जिन्हें मंगलवार को एसडीआरएफ ने सुरक्षित निकाला।

## पाकिस्तान दिल्ली में मनाएगा अपना नेशनल डे

नई दिल्ली। पाकिस्तान इस साल अपना नेशनल डे नई दिल्ली में मनाने जा रहा है। इस दिन दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग में कार्यक्रम किए जाएंगे।ये चार साल में पहली बार है, जब पाकिस्तान अपना नेशनल डे दिल्ली में मनाएगा। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाए जाने के बाद पाकिस्तान ने अपना राजदूत वापस बुला लिया था। पाकिस्तान का नेशनल डे 23 मार्च को पड़ता है।ये वही तारीख है जब आजादी से पहले लाहौर में पाकिस्तान बनाने का प्रस्ताव रखा गया था। 1940 में मुस्लिम लीग ने मुस्लिमों के लिए अलग मुल्क की मांग करते हुए एक प्रस्ताव रखा था। 1940 में 22 से 24 मार्च के लाहौर में मुस्लिम लीग का सेशन हुआ था।इसी सेशन में पूरी तरह स्वायत्त और संप्रभु मुस्लिम मुल्क बनाने का प्रस्ताव रखा गया था।इस प्रस्ताव में पाकिस्तान का जिक्र नहीं था। लेकिन बाद में जब पाकिस्तान बन गया तो इसे पाकिस्तान प्रस्ताव भी कहा जाने लगा।इस प्रस्ताव में अलग मुल्क या पाकिस्तान का कहीं भी जिक्र नहीं था।इसमें मुस्लिम बहुल इलाकों के लिए स्वायत्तता की मांग की गई थी। इसमें लिखा था, भौगोलिक दृष्टि से सटी हुई ईकाइयों को क्षेत्रों के रूप में चिह्नित किया जाए, जिन्हें बनाने में जरूरत के हिसाब से इलाकों का फिर से ऐसा समायोजन किया जाए कि हिंदुस्तान का उत्तर-पश्चिम और पूर्वी क्षेत्रों जैसे जिन हिस्सों में मुसलमानों की संख्या ज्यादा है, उन्हें इकट्ठा करके स्वतंत्र राज्य बना दिया जाए।इनमें शामिल ईकाइयां स्वाधीन और स्वायत्त होंगी।इतना ही नहीं, 23 मार्च 1956 को ही पाकिस्तान का संविधान भी लागू हुआ था।इसी दिन पाकिस्तान ने खुद को इस्लामिक मुल्क घोषित किया था।

# पीएम को लेकर लालू ने दिया बयान, तेजस्वी की सारी मेहनत पर फेर देगा पानी

### बिहार में जेडीयू लालू की परिवारवादी राजनीति पर हमलावार



**पटना (एजेंसी)।** चुनावी साल में पीएम नरेंद्र मोदी पर आरजेडी सुप्रीमो और पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव ने तीन मार्च को अपनी पार्टी की रैली में व्यक्तिगत हमला किया। रैली में लालू ने कहा कि मोदी ने अपनी मां के निधन पर मुंडन नहीं कराया। इसकारण वे हिन्दू नहीं हैं। उनकी दूसरी टिप्पणी थी कि मोदी की कोई संतान नहीं है। इसलिए वे परिवारवादी पार्टी का आरोप आरजेडी पर लगाते हैं। कांग्रेस के नेता पीएम मोदी के बारे ऐसी-ऐसी टिप्पणी कर इसका खामियाजा उठा चुके है।

गुजरात दंगों के संदर्भ में कांग्रेस की तत्कालीन अध्यक्ष सोनिया गांधी ने नरेंद्र मोदी के बारे में कहा था कि वे मौत के सौदागर हैं। राहुल गांधी कैंब्रिज में भाषण कर आए कि मोदी देश को बर्बाद कर रहे हैं। भारत-ऑस्ट्रेलिया मैच के दौरान भारत की हार पर राहुल गांधी ने मोदी के लिए पनौती शब्द का इस्तेमाल किया था। 2019 के आम चुनाव के दौरान राहुल गांधी का नरेंद्र मोदी के बारे में 'चौकीदार चोर है' वाला बयान भी काफी चर्चा में रहा था।

हालांकि भाजपा विरोधी दलों के नेताओं के पीएम मोदी को लेकर दिए बयान उनके सिर पर भी उल्टे असर डालते रहे हैं। कांग्रेस की आज जो दुर्गति है, उसके पीछे सबसे बड़ा कारण नरेंद्र मोदी के खिलाफ उनके बयान ज्यादा जिम्मेदार रहे हैं। चौकीदार चोर है वाला राहुल का बयान पीएम मोदी ने इसतरह से पलटा कि उनके समर्थकों ने अपने को मैं भी चौकीदार का अभियान छेड़ दिया। इसतरह मोदी के परिवार वाले लालू के बयान की काट भाजपा नेताओं ने निकाल ली है। मोदी जहां खुद को देश की 140 करोड़ जनता को अपना परिवार बता रहे हैं, वहीं भाजपा नेताओं ने अपने को मोदी का परिवार का बताना शुरू कर दिया है। सोशल मीडिया प्रोफाइल में मोदी का परिवार जोड़ कर सबने लालू के आरोप की हवा निकालनी शुरू कर दी है। इतना ही नहीं बिहार में जेडीयू ने भी अपने ढंग से मुद्दे को हवा दे दी है। अब बिहार में जेडीयू ने वीडियो में नीतीश पूरे बिहार को अपना परिवार बता रहे हैं। वे कह रहे हैं, पूरा बिहार हमारा परिवार। कर्पूरी ठाकुर का उदाहरण देकर परिवारवादी राजनीति की नीतीश आलोचना कर रहे हैं। वीडियो में नीतीश कह रहे हैं, जननायक कर्पूरी ठाकुर कभी अपने परिवार को आगे नहीं बढ़ाया। एक ही बात जान लीजिए, जननायक कर्पूरी ठाकुर से सीख कर हमने भी किसी अपने परिवार को आगे नहीं बढ़ाया। हम और लोगों को बढ़ावा देते हैं।

## अलर्ट मिलते ही पुलिस ने किसानों को रोकने के लिए किए बंदोबस्त

नई दिल्ली।दिल्ली की सीमाओं पर धरना देने वाले किसानों ने सुरक्षा बलों की नाक में दम कर रखा है।स्पेशल ब्रांच को इनपुट मिला था कि प्रदर्शनकारी किसान बस, कार और छोटी गाड़ियों से दिल्ली में घुस सकते हैं। प्रदर्शनकारी किसान छोटे-छोटे समूह में बस-कारों से दिल्ली में दाखिल होने की कोशिश कर सकते हैं।बता दें कि किसानों ने घोषणा की है कि वे बुधवार को प्रदर्शन के लिए दिल्ली पहुंचेंगे। यही वजह है कि दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी की टिकरी, सिंघू और गाजीपुर सीमाओं और रेलवे और मेट्रो स्टेशनों एवं बस अड्डों पर कड़ी निगरानी सुनिश्चित करने का अपने कर्मियों की संख्या बढ़ा दी है और खास निर्देश दिया है। दिल्ली पुलिस की सुरक्षा कश्मीरी गेट बस स्टैंड, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, आनंद विहार रेलवे स्टेशन, हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन और सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन समेत सभी बस अड्डों में लगाई गई है।फिलहाल, स्पेशल ब्रांच के इस अलर्ट के बाद दिल्ली के तमाम बॉर्डर्स, बस, रेलवे और दिल्ली मेट्रो पर दिल्ली पुलिस की पैनी नजर है। साथ ही नई दिल्ली और दिल्ली के बॉर्डर्स पर भीड़ इक्ठी न हो उसके लिए पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।बता दें कि किसान आंदोलन का नेतृत्व करने वाले संगठनों- किसान मजदूर मोर्चा और संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) ने तीन मार्च को देश भर के किसानों से बुधवार को दिल्ली पहुंचने का आह्वान किया था।बता दें कि प्रदर्शनकारियों द्वारा बुधवार को दिल्ली कूच के आव्हान को देखते हुए स्पेशल ब्रांच ने दिल्ली पुलिस को यह अलर्ट भेजा है, जिसमें स्पेशल ब्रांच ने आशंका जताई है कि प्रदर्शनकारी दिल्ली में छोटी गाड़ियो के जरिए दाखिल होने की कोशिश करेंगे। इसके लिए प्रदर्शनकारी दिल्ली के सटे गांव और गलियों का सहारा ले सकते हैं। स्पेशल ब्रांच के अलर्ट में ये भी कहा गया है कि ये प्रदर्शनकारी नई दिल्ली, जिसे लुटियन दिल्ली कहा जाता है, वहां इक्ठा होकर प्रोटेस्ट करना चाहते हैं।

# इसरो का फूलप्रूफ प्लान, कहा होगी मॉड्यूल की वापसी बस तय

### गगनयान मिशन को लेकर इतिहास बनने को तैयार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इसरो यानी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन 2025 में गगनयान मिशन के तहत चार एस्ट्रोनॉट्स को अंतरिक्ष में भेजकर नया कीर्तिमान बनने वाला है। इसकारण अभी इस मिशन के लिए चुने गए चारों अंतरिक्ष यात्री उड़ान अभ्यास और योग के अलावा सिमुलेटर, सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण में रहने के अभ्यास सहित कड़े प्रशिक्षण से गुजर रहे हैं। इस बीच इसरो ने गगनयान मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों और मॉड्यूल की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने लिए एक दो नहीं, बल्कि पूरे 48 बैकअप साइटों की पहचान की है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक इसरो का प्लान है कि गगनयान मिशन के मॉड्यूल की संभावित वापसी अरब सागर में हो, जहां भारतीय एजेंसियों को चालक दल और मॉड्यूल की सुरक्षित लैंडिंग के लिए रखा जाएगा। हालांकि, अगर प्लान के अनुसार चीजें नहीं होती हैं, और अंतरिक्ष यात्रियों की सफल लैंडिंग में बदलाव की जरूरत पड़ती है, तब इसके लिए भी इसरो की टीम तैयार है। इसके लिए इसरो ने अंतरराष्ट्रीय जल में 48 बैकअप स्थानों की पहचान की है, जहां गगनयान मिशन के यात्रियों की सुरक्षित लैंडिंग हो सके। इसरो के सीनियर अधिकारी ने कहा कि गगनयान मिशन के मामले में अगर सब कुछ योजना के अनुसार होता है, तब मॉड्यूल की लैंडिंग भारतीय जल में ही होगी। बता दें कि गगनयान मॉड्यूल की लैंडिंग के साथ ही चारों अंतरिक्ष यात्री वापस धरती पर आ जाएंगे।

हालांकि इसरो अधिकारी ने कहा, चूंकि गगनयान मिशन में मानव अंतरिक्ष उड़ान शामिल है, इसकारण जब चालक दल की सुरक्षा की बात होती है, तब कोई जोखिम नहीं ले सकते है। इसलिए इसरो ने संभावित बिंदुओं को चिह्नित किया है, जहां कैप्सूल यानी कि अंतरिक्षयात्री वाला मॉड्यूल उतर सकता है। हालांकि, उन्होंने कहा कि मिशन में जरा भी बदलाव मॉड्यूल की लैंडिंग को सैकड़ों किलोमीटर दूर कर सकता है।

बता दें कि इसरो द्वारा 2025 में गगनयान मिशन के तहत पृथ्वी की कक्षा में भेजने के लिए चुने गए अंतरिक्ष यात्री उड़ान अभ्यास और योग के अलावा सिमुलेटर, सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण में रहने के अभ्यास सहित कड़े प्रशिक्षण से गुजर रहे हैं। इसरो का संबंधित प्रशिक्षण प्रतिष्ठान भारतीय वायुसेना के पायलटों-ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर, ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णन, ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप और विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला के लिए ऐसी गतिविधियों का केंद्र है। इसरो के अधिकारी ने कहा, उन्हें एयरो-मेडिकल, स्थिति से निपटने और विपरीत परिस्थितियों में जीवित रहने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## मथुरा के लोगों में जिज्ञासा, हेमा के खिलाफ कौन होगा इंडिया गठबंधन का उम्मीदवार



**-जाट किसान नेता पर दाव खेल सकता हैं इंडिया गठबंधन**

**मथुरा (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव में भाजपा ने तीसरी बार ड्रीम गर्ल्स हेमा मालिनी पर दाव चल दिया है। भाजपा ने मथुरा की सांसद हेमा को तीसरी बार चुनावी मैदान में उतार दिया है। हेमा को मैदान में देख गठबंधन के नेताओं के सामने परेशानी खड़ी हो सकती हैं। अब देखना होगा कि गठबंधन किस प्रत्याशी को हेमा मालिनी के सामने लाता है।

लोगों की जिज्ञासा इस बात में है कि इंडिया गठबंधन की ओर से कांग्रेस का प्रत्याशी कौन होगा? ब्रज से होगा या ब्रज से बाहर का होगा? किसान वर्ग से होगा या फिर कोई धन कुबेर? इन तमाम सवालों को लेकर जनता और राजनीतिक पंडित अपने-अपने कयास लगाने में व्यस्त हैं। सूत्रों की मानें तब मथुरा से इंडिया गठबंधन का संभावित जाट प्रत्याशी बड़ा किसान नेता है। वजह मथुरा पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी जाट बाहुल्य लोकसभा सीट है।

मथुरा में चौधरी चरण के अनुयायियों के रूप में किसानों की एक बड़ी संख्या है। एमएसपी की मांग को लेकर ब्रज के जाट भाजपा सरकार के किसान विरोधी चरित्र को लेकर नाराज हैं। चर्चा है कि चौधरी चरण सिंह के अनुयायी यहां के जाट जयंत के एनडीए में जाने से नाराज हैं। आरएलडी के नेताओं का मानना है कि किसान आंदोलन के बीच में जयंत के एनडीए में जाने से चौधरी चरण सिंह के राजनीतिक आदर्श के प्रतिकूल है। यही वजह है कि कांग्रेस के रणनीतिकारों की मान्यता है कि किसान आंदोलन को चुनावी एजेंडा के केन्द्र में रखा जाए।

## हूतियों के ड्रोन हमले से जहाज में लगी आग, इंडियन नेवी ने बचाई सभी की जान

**-नौसेना प्रमुख एडमिरल ने हूती विद्रोहियों को दी चेतावनी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय नौसेना ने अदन की खाड़ी में ड्रोन हमले की चपेट में आए लाइबेरिया के ध्वज वाले वाणिज्यिक पोत की सहायता की। नौसेना की ओर से यह जानकारी दी गई। हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में विभिन्न वाणिज्यिक जहाजों पर हमलों पर बढ़ती वैश्विक चिंताओं के बीच यह नई घटना सामने आई। पिछले कुछ हफ्तों में भारतीय नौसेना ने पश्चिमी हिंद महासागर में कई वाणिज्यिक पोत पर हुए हमलों के बाद उन्हें सहायता दी है। नौसेना ने पोस्ट मेंबताया कि अदन से लगभग 90 समुद्री मील दक्षिण पूर्व में एक लाइबेरियाई झंडे वाले जहाज पर ड्रोन/मिसाइल हमला हुआ। हमले के कारण जहाज में आग लग गई। इसके बाद नौसेना ने घटना पर त्वरित प्रतिक्रिया दी। क्षेत्र में नौवहन सुरक्षा अभियान में तैनात आईएनएस कोलकाता घटनास्थल पर पहुंच गया। जहाज के 12 कर्मियों की एक विशेष अग्निशमन टीम आग बुझाने के प्रयासों में सहायता के लिए 5 मार्च की सुबह जहाज पर सवार हुई।

आईएनएस कोलकाता के प्रयासों से आग को बुझाया गया और जहाज को सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। जहाज के चालक दल के सभी सदस्य सुरक्षित हैं। भारतीय नौसेना ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि यह समुद्री सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा है। नौसेना ने कहा कि वह इस घटना की जांच कर रही है और दोषियों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। यह घटना फिर से समुद्री सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करती है। भारतीय नौसेना क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं घटना पर नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार ने कहा कि हूती लाल सागर में ड्रोन और मिसाइलों से इजराइल, अमेरिका या ब्रिटेन के कारोबारी जहाजों को निशाना बना रहे हैं और स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। एडमिरल ने कहा कि भारतीय नौसेना मुख्य रूप से भारतीय-ध्वजांकित जहाजों और सहायता चाहने वाले अन्य जहाजों को आवश्यक सुरक्षा प्रदान कर रही है। नौसेना प्रमुख ने पणजी के पास नौसेना समर महाविद्यालय के नए प्रशासनिक भवन के उद्घाटन के मौके पर कहा कि भारतीय नौसेना लाल सागर और हिंद महासागर क्षेत्र के बीच आवाजाही में सभी व्यापारिक जहाजों की मदद कर रही है।

# अमेठी से उम्मीदवार घोषित करने में देरी पर स्मृति ईरानी का तंज, बोलीं- यह कांग्रेस की हार का संकेत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेठी से मौजूदा सांसद स्मृति ईरानी ने बुधवार को कहा कि उन्हें नहीं पता कि 2024 के चुनाव में कांग्रेस इस सीट से किसे मैदान में उतारेगी लेकिन देरी ही पार्टी के लिए हार का संकेत है। स्मृति ईरानी का बयान उन तीव्र अटकलों के बीच आया है कि कांग्रेस 2019 की हार के बाद एक बार फिर इस सीट के लिए राहुल गांधी को दोहराएगी। उन्होंने कांग्रेस पर तंज भरे लहजे में कहा कि यह अजीब है क्योंकि पहली बार पार्टी को अमेठी से उम्मीदवार के नाम की घोषणा करने में इतना समय लग रहा है। अमेठी से उम्मीदवार घोषित करने से पहले काफी मंथन किया जा रहा है। ये ही हार का संकेत है।

इससे पहले ईरानी ने सोमवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) के 10 साल के शासन की तुलना पर बहस की चुनौती दी थी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी मैदान चुन सकते हैं जबकि भाजपा बहस के लिए एक पार्टी कार्यकर्ता का चयन करेगी। उन्होंने नागपुर में हुंकार भरते हुए कहा कि अगर मेरी आवाज राहुल गांधी तक पहुंच रही है तो उन्हें कान खोलकर सुन लेना चाहिए। 10 साल का शासन किसका रहा, इस पर बहस हो जाए बेहतर था। मैदान तुम चुनो, कार्यकर्ता हम चुनेंगे।

वहीं, खबर यह है कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस के एक नेता ने बुधवार को कहा कि राहुल गांधी आगामी लोकसभा चुनाव अमेठी से लड़ेंगे, जिस निर्वाचन क्षेत्र का उन्होंने पहले 2002 से कई बार प्रतिनिधित्व किया है। हाल ही में दिल्ली में एक बैठक से लौटे कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने पुष्टि की कि राहुल गांधी अमेठी से पार्टी के उम्मीदवार होंगे। उन्होंने कहा कि गांधी के नाम की आधिकारिक घोषणा जल्द ही की जाएगी। 1967 में उत्तर प्रदेश के गठन के बाद से ही अमेठी कांग्रेस पार्टी का गढ़ रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के छोटे बेटे संजय गांधी ने 1977 में पहली बार अमेठी से चुनाव लड़ा था, लेकिन आपातकाल के खिलाफ देशव्यापी प्रतिक्रिया के कारण उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

## भाजपा विधायक के भतीजे की गोली मारकर हत्या

कटिहार।बिहार के कटिहार शहर में भाजपा विधायक कविता पासवान के भतीजे नीरज पासवान की गोली मारकर हत्या कर दी गई।मृतक नीरज आपराधिक छवि थी और वह पूर्व मेयर शिवराज पासवान हत्याकांड में आरोपी था जो कि हाल ही में जेल से छूटकर बाहर निकाला था।इस मामले में विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा की जा रही है।हत्या की इस घटना से पूरे शहर में हड़कंप मच गया है।घटना कटिहार शहर के नगर थाना क्षेत्र के संग्राम संघ ड्राइवर टोला के पास की है।जानकारी के मुताबिक हत्या की इस घटना के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।मृतक नीरज पासवान की भी आपराधिक छवि थी और वह पूर्व मेयर शिवराज पासवान हत्याकांड में आरोपी था जो कि हाल ही में जेल से छूटकर बाहर निकाला था।इस मामले में विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा की जा रही है।हत्या की इस घटना से पूरे शहर में हड़कंप मच गया है।

# 17 मार्च को मुंबई के धारावी पहुंच....अडानी के खिलाफ मोर्चा खोल सकते हैं राहुल गांधी

**-धारावी रीडिवेलपमेंट का ठेका अडानी समूह को देने से कांग्रेस नाराज**

**मुंबई (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 17 मार्च को मुंबई में सभा की तैयारी चल रही है। कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी 16 मार्च को अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ मुंबई पहुंच रहे हैं। 16 मार्च को ठाणे के एलबीएस मार्ग से होते हुए मुंबई में प्रवेश करने और दादर स्थित चैत्य भूमि पहुंच कर राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का समापन होगा।

इस दौरान यात्रा में राहुल गांधी धारावी से भी गुजरने वाले है। बता दें कि धारावी के रीडिवेलपमेंट का ठेका अडाणी ग्रुप के पास है और राहुल गांधी अडाणी ग्रुप के खिलाफ लगातार आवाज उठाते रहे हैं। राहुल को धारावी में ले जाने के पीछे कांग्रेस की रणनीति यह भी है कि सबसे पहले राजीव गांधी ने 1985 में प्रधानमंत्री अनुदान परियोजना के तहत 100 करोड़ रुपये देकर मुंबई में झोपड़पट्टी पुनर्विकास परियोजना की शुरुआत की थी। तब 100 करोड़ रुपये के फंड का एक तिहाई हिस्सा धारावी के रीडिवेलपमेंट के लिए आरक्षित कर म्हाडा को धारावी के विकास के लिए स्पेशल प्लानिंग अथॉरिटी बनाया गया था। म्हाडा की तरफ से तब 27 बहुमंजिला इमारतों का निर्माण कर सैकड़ों लोगों को पक्के घर दिए गए थे।

कांग्रेसी सूत्रों के मुताबिक राहुल गांधी खुली जीप से धारावी पहुंचकर नुक्कड़ सभा के तौर पर अडाणी के खिलाफ मोर्चा खोल सकते हैं। 17 मार्च की शाम को राहुल गांधी की सभा के लिए कांग्रेस की तरफ से शिवाजी पार्क की अनुमति मांगी गई है। कांग्रेस की पूरी कोशिश है कि सभा के लिए शिवाजी पार्क की अनुमति मिले, लेकिन कांग्रेस को डर है कि राजनीतिक दबाव में पुलिस और बीएमसी अनुमति देने में आनाकानी कर सकते हैं। इसके लिए वैकल्पिक रूप से बीकेसी मैदान का भी विचार हो रहा है। इस सभा में महा विकास आघाडी के सभी वरिष्ठ नेता शामिल हो सकते हैं।



## नेत्रहीन क्रिकेट टीम को भी मान्यता दी लायेः कोच



नई दिल्ली । भारतीय नेत्रहीन क्रिकेट टीम के कोच मोहम्मद इब्राहिम ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से मांग की है कि इस टीम को भी मान्यता दी जाये जिससे कि उसका तेजी से विकास को सके। इब्राहिम ने कहा कि नेत्रहीन क्रिकेट को अगले स्तर तक ले जाना है तो बीसीसीआई को उसे अपने संरक्षण में लेना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि मान्यता के साथ ही नेत्रहीन क्रिकेटरों को बोर्ड से केंद्रीय अनुबंध भी मिलने चाहिए। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान के नेत्रहीन क्रिकेटरों को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से अनुबंध मिले हुए हैं जिसके बाद उनका प्रदर्शन बेहतर हुआ है। पीसीबी ने उनका काफी सहयोग किया है। अब बीसीसीआई को भी आम क्रिकेटरों की तरह ही नेत्रहीन क्रिकेटरों को भी अनुबंध देने चाहिए। वहीं भारतीय नेत्रहीन क्रिकेट संघ के महासचिव शैलेंदर यादव ने कहा कि नेत्रहीन क्रिकेटरों के लिये सराहना और सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा, 'नेत्रहीन टीम के पूर्व कप्तान शेखर नाईक को पद्मश्री दिया गया और पूर्व कप्तान अजय रेड्डी को इस साल अर्जुन पुरस्कार मिला। उम्मीद है कि दूसरे देशों की तरह अब भारतीय बोर्ड भी नेत्रहीन क्रिकेट को गंभीरता से लेगा। उन्होंने कहा, 'अभी खिलाड़ियों को भारत सरकार और प्रदेश सरकारों से वित्तीय सहायता मिल रही है पर ये ही पर्याप्त नहीं है।

# पेरिस ओलंपिक में टोक्यो से अधिक पदक जीतेगी भारतीय टीम : गोपीचंद

### सात्विक-चिराग और सिंधु की जोड़ी जीत सकती है पदक

नई दिल्ली ।

भारतीय बैडमिंटन टीम के मुख्य कोच पुलेला गोपीचंद को उम्मीद है कि भारतीय टीम पेरिस ओलंपिक में टोक्यो ओलंपिक से अधिक पदक जीतेगी। पेरिस ओलंपिक में भारत के कुल पदकों की संभावना के बारे में पूछने पर गोपीचंद ने कहा, ''हर कोई बड़ी संख्या का अंदाजा लगा रहा है पर मैं संख्या नहीं बता सकता, लेकिन मुझे लगता है कि यह निश्चित रूप से पिछली बार से ज्यादा होगी।'' गोपीचंद के अनुसार सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी पेरिस ओलंपिक में पदक जीत सकती है। इस जोड़ी के अलावा पीवी सिंधु भी पदक जीतने की प्रबल दावेदार हैं।

पूर्व ऑल इंग्लैंड चैम्पियन रहे गोपीचंद ने कहा कि सात्विकसाईराज र चिराग की जोड़ी अभी विश्व में नंबर एक जोड़ी है। ऐसे में वह पदक जीतने की प्रबल दावेदार होगी। साथ ही कहा कि दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधु भी लय में आ रही हैं और वह फिर से पेरिस में पदक दिला सकती हैं।चोट के बाद वापसी करते हुए सिंधु ने भारतीय महिला टीम को बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जिताया था। वहीं सात्विक और चिराग का सफर भी बेहतरीन रहा है। इस जोड़ी ने 2023 चीन ओपन और मलेशिया ओपन सुपर 1000 तथा इंडिया ओपन सुपर 750 में लगातार खिताब जीते थे। जिससे वह इस सत्र में दुनिया की नंबर एक युगल जोड़ी बन गये।गोपीचंद ने कहा, ''यह कहना सही होगा कि दुनिया के नंबर एक जोड़ी के तौर पर वे निश्चित रूप से शीर्ष स्तर पर जीतने के दावेदार हैं।'' उन्होंने कहा, ''उनकी जोड़ी मजबूत है और जब भी वे कोर्ट पर कदम रखते हैं तो वे प्रबल दावेदार होते हें। आज अगर मुझे सभी देशों में खेलों में किसी भी एक प्रबल दावेदार जोड़ी को चुनना हो तो वह सात्विक और चिराग की जोड़ी होगी।''



## खास खबर



### निशांत ओलंपिक क्वालीफायर में जीते, थापा हारे

**बस्तो अर्सिजियो ।** भारतीय मुक्केबाज निशांत देव ने ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर में जीत से शुरुआत की है जबकि भारत के ही शिव थापा को हार का सामना करना पड़ा है। देव ने ब्रिटेन के मुक्केबाज लुईस रिचर्डसन को एक कड़े मुकाबले में 3-1 से हराया। वहीं थापा को पहले दौर में ही हार झेलनी पड़ी है। । निशांत ने पुरुषों के 71 किग्रा भार वर्ग में विरोधी रिचर्डसन के खिलाफ शुरू से ही आक्रामक रुख अपनाया। इसके साथ ही पहले दौर में 4-1 से मुकाबला जीता। वह दूसरे दौर में अपने प्रतिद्वंद्वी पर पूरी तरह हावी रहे। निशांत ने इस दौर को 5-0 से जीता। निशांत ने तीसरे दौर में अपनी बढ़त को बरकरार रखने के लिए रक्षात्मक रवैया अपनाया और अंत में विभाजित फैसले से जीत दर्ज की। वहीं भारत के ही शिव 63.5 किग्रा भार वर्ग में उज्बेकिस्तान के रुस्लान अब्दुल्लाव से हार गए। रुस्लान ने उन्होंने शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाकर थापा को कोई अवसर नहीं दिया। रेफरी ने पहले राउंड में ही मुकाबला रोककर उज्बेकिस्तान के मुक्केबाज को विजेता घोषित कर दिया. भारत ने अब तक पेरिस ओलंपिक के लिए मुक्केबाजी में चार कोटा हासिल किए हैं। ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले मुक्केबाजों में निकहत ज़रीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा), परवीन हुडा (57 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) शामिल हैं। इन सभी ने पिछले साल एशियाई खेलों में ओलंपिक कोटा हासिल किया था।

### 'द हंड्रेड के लिए विदेशी खिलाड़ियों के ड्राफ्ट में तीन भारतीय महिला क्रिकेटर भी शामिल

**लंदन ।** तीन भारतीय महिला क्रिकेटरों स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा के अलावा ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर को 'द हंड्रेड टूर्नामेंट के लिए बने चार विदेशी खिलाड़ियों के ड्राफ्ट में सबसे अधिक बेस प्राइस पर रखा गया है। उन 4 खिलाड़ियों को 50,000 पाउंड (लगभग 52 लाख रुपए के आधार मूल्य पर रखा गया है। वहीं कुल मिलाकर 15 भारतीय खिलाड़ियों ने आगामी 'द हंड्रेड ड्राफ्ट के लिए अपने नाम दिये हैं। ये टूर्नामेंट 20 मार्च को लंदन में होगा। इसके लिए भारतीय तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर का आधार मूल्य 30,000 पाउंड (लगभग 32 लाख रुपए) है, जबकि ऋचा घोष और श्रेयंका पाटिल का आधार मूल्य 17,500 पाउंड (लगभग 18 लाख रुपए) है। इस ड्राफ्ट में शामिल अन्य भारतीयों में राधा यादव, स्नेह राणा, किरण नवगिरे, यास्तिका भाटिया, शिखा पांडे और वेदा कृष्णमूर्ति भी शामिल हैं। यह द हंड्रेड महिला प्रतियोगिता का चौथा संस्करण होगा जो 23 जुलाई से शुरू होगा। इसका पहला मुकाबला ओवल इनविंसिबल्स और बर्मिंघम फीनिक्स टीमों के बीच होगा। 100 गेंदों के द हंड्रेड टूर्नामेंट में इंग्लैंड और वेल्स की आठ टीमें भी रहेंगी। इस ड्राफ्ट के लिए 15 भारतीय महिलाओं का पंजीकरण हुआ है। इसमें कुल मिलाकर, 127 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटरों और 122 घरेलू खिलाड़ियों के नाम पंजीकृत किये गये हैं।

# इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट में भी जीत की लय बनाये रखने उतरेगी भारतीय टीम

### अश्विन ओर बेयरस्टो खेलेंगे अपना सौवां टेस्ट

धर्मशाला ।

यहां भारत और इंग्लैंड के बीच गुरुवार से धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में शुरु हो रहे पांचवे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच में भारतीय टीम जीत का सिलसिल जारी रखने के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम ने अभी तक इस सीरीज में 3-1 की बढ़त हासिल कर ली है। जिससे उसका मनोबल बढ़ हुआ है। वहीं दूसरी ओर मेहमान टीम इंग्लैंड दबाव में रहेगी और उसका इरादा इस मैच में जीत कर अपनी लय हासिल करना रहेगा। भारतीय टीम ने पहले ही इस सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। ऐसे में वह इस मैच में कुछ बदलावों के साथ उतर सकती है। टीम प्रबंधन इस मैच में युवाओं को अवसर दे सकती है। इसके अलावा अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी इस मैच से वापसी करेंगे। बुमराह को पिछले मैच में आराम दिया गया है।

अब देखना होगा कि क्या बुमराह अपने एक साथी तेज गेंदबाज की जगह उतरेंगे। या भारतीय टीम दो स्पिनरों और तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतरेगी। भारतीय टीम भारत अगर दो स्पिनरों के साथ उतरती है तो कुलदीप यादव को बाहर बैठना पड़ सकता है। उन्हें टीम में रखन का फैसला धर्मशाला के विकेट पर निर्भर करेगा।

वहीं विभाग रजत पाटीदार को इस मैच में भी टीम में बरकरार रखा जाएगा हालांकि वह पिछले मैचों में विफल रहे थे। कर्नाटक के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल को भी इस मैच में डेब्यू का अवसर मिल सकता है। वहीं इंग्लैंड की बल्लेबाजी और गेंदबाजी रांची में विफल रही थी। ऐसे में अगर उसे ये मैच जीतना है तो दोनो ही क्षेत्रों में अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। जॉनी बेयरस्टो को खराब प्रदर्शन के बाद भी इस मैच में बरकरार रखा जाना तय है। टीम की बल्लेबाजी जो रुट ओली पोप , बेन डकेट पर निर्भर करेगी। गेंदबाजी की जिम्मेदारी जेम्स एंडरसन के अलावा स्पिनर टॉम हार्टले और शोएब बशीर पर रहेगी।

इंग्लिश टीम ने अपनी अंतिम ग्यारह जारी कर दी है। टीम में तेज गेंदबाज मार्क वुड की वापसी हुई है। वुड इंग्लैंड के सबसे अच्छे तेज गेंदबाजों में से एक हैं।

है। इंग्लैंड ने इस सीरीज का पहला मैच जीता था पर इसके बाद उसे लगातार हार का सामना करना पड़ रहा है। वुड को अंतिम ग्यारह में ओली रॉबिनसन की जगह शामिल किया गया है। रॉबिनसन को केवल एक मैच के बाद ही बाहर कर दिया गया है। रॉबिनसन चौथे टेस्ट मैच में एक भी विकेट नहीं ले पाए थे हालांकि, उन्होंने 58 रन की पारी खेली थी। विकेटकीर बल्लेबाज बेयरस्टो 99 टेस्ट मैच खेल चुके हैं। धर्मशाला में उतरते ही वह अपना सौवां टेस्ट खेलेंगे। बेयरस्टो के अलावा भारत के आर अश्विन भी अपना 100वां टेस्ट मैच खेलेंगे।

#### भारतीय टीम की अंतिम ग्यारह

रोहित शर्मा (कप्तान) , यशवी जयसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार/देवदत्त पडिक्कल, सरफराज खान, देवदत्त पडिक्कल, रवींद्र जड़ेजा, कुलदीप यादव/जसप्रीत बुमराह, आर अश्विन, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज।

#### इंग्लैंड की अंतिम ग्यारहः

बेन स्टोक्स (कप्तान) , जैक क्राउली, बेन डकेट, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन फोक्स, टॉम हार्टली, मार्क वुड, जेम्स एंडरसन, शोएब बशीर।

## स्मिथ, रूट और विलियमसन को गेंदबाजी करना सबसे कठिन मानते हैं अश्विन



धर्मशाला ।

भारतीय क्रिकेट टीम टीम के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन ने कहा है कि उन्हें ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ के अलावा इंग्लैंड के जो रुट और न्यूजीलैंड के केन विलियमसन को गेंदबाजी करना अच्छा लगता है। अश्विन ने अपने 100वें टेस्ट मैच से पहले उन खिलाड़ियों को याद किया जिनके साथ उनका कड़ा मुकाबला होता है। वहीं इससे पहले रूट ने अश्विन की गेंदबाजी की प्रशंसा करते हुए कहा था कि उन्हें खेलना कठिन होता है। अश्विन ने कहा कि रूट के अलावा स्मिथ और विलियमसन की बल्लेबाजी देखकर उन्हें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की प्रेरणा मिली। उन्होंने कहा, ''मुझे स्मिथ, विलियमसन और रूट को गेंदबाजी देखना अच्छा लगता है। वह अभी विश्व के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक हैं। '' अश्विन ने कहा, ''जब मैं प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेला करता था तो मुझे स्पिनरों के खिलाफ अच्छी बल्लेबाजी करने वाले कुछ बल्लेबाजों को गेंदबाजी करने का भी अवसर मिला जिससे मेरी गेंदबाजी बेहतर हुई। साथ ही कहा कि तमिलनाडु के अभ्यास सत्रों के दौरान उन्हें बल्लेबाज एस बद्रीनाथ को गेंदबाजी करने का अवसर मिला। बद्रीनाथस्पिन को बहुत अच्छी तरह से खेलता है। इसके अलावा मिथुन मनहास और रजत भाटिया को भी उन्होंने गेंदबाजी की थी।'' उन्होंने कहा, ''ये सभी स्पिन को अच्छी तरह से खेलने वाले सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में शामिल हैं जिनका मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सामना नहीं करना चाहता था। इन सभी का मैं सम्मान करता हूं क्योंकि इन्हें गेंदबाजी करने से मुझे अपनी कमियां पता चली।''

## अब खेलो इंडिया के पदक विजेताओं को भी मिल सकेगी सरकारी नौकरी - अनुराग ठाकुर

नई दिल्ली ।

केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि अब खेलो इंडिया के पदक विजेताओं को भी सरकारी नौकरी मिलेगी। ठाकुर ने कहा कि संशोधित मानदंडों के बाद खेलो इंडिया के पदक विजेता भी अब सरकारी नौकरी हासिल करने के योग्य हो गये हैं। उन्होंने कहा कि यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रतिभाओं को निखारने तथा खेल को एक आकर्षक और करियर विकल्प में बदलने के रुख को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। उन्होंने कहा कि कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने खेल मंत्रालय के परामर्श से सरकारी नौकरी चाहने वाले खिलाड़ियों के लिए पात्रता मानदंडों में भी संशोधन किया है। ठाकुर ने कहा, 'खेलो इंडिया के पदक विजेता खिलाड़ी अब सरकारी नौकरी पाने के योग्या होंगे। खेलो इंडिया खेलों का पहली बार 2018 में आयोजन किया गया था। इससे पहले कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने अपने आदेश में कहा था, 'खेल विभाग से परामर्श के बाद अधिक स्पष्टता लाने, हाल के समय में महत्व हासिल करने वाली प्रतियोगिताओं को भी इसमें शामिल करने और इन प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए दिशानिर्देशों की समीक्षा की गई है। आदेश के अनुसार जिन प्रतियोगिताओं को राष्ट्रीय महत्व का दर्जा दिया गया है उनमें राष्ट्रीय खेल महासंघों द्वारा आयोजित राष्ट्रीय चैंपियनशिप, भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खेल तथा खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेल, खेलो इंडिया आदि हैं।



### पांचवें टेस्ट में अपने 1000 टेस्ट रन पूरे कर सकते हैं यशस्वी



मुम्बई ।

भारतीय क्रिकेट टीम के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से धर्मशाला में होने वाले अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच में एक अहम उपलब्धि अपने नाम कर सकते हैं। यशस्वी के इस मैच में 29 रन बनाने के साथ ही टेस्ट क्रिकेट में 1000 रन हो जाएंगे। इसके अलावा वह आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप 2023-2025 में 1000 रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी भी बन जाएंगे। अब तक इस युवा बल्लेबाज ने 8 मैचों में 971 रन बनाये हैं। 655 रन उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा सीरीज में बनाए हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया के उस्मान ख्वाजा भी इस दौड़ में यशस्वी के करीब हैं। ख्वाजा ने अब तक 11 टेस्ट में 916 रन बनाए हैं और 1000 रन बनाने के लिए उन्हें 84 रन की जरूरत है। .भारत के लिए केवल दो खिलाड़ी ही टेस्ट चैंपियनशिप साइकिल में 1000 रन बनाने में सफल हुए हैं। अजिंक्य रहाणे ने 2019-2021 में 18 टेस्ट खेलते हुए कुल 1159 रन बनाए थे। वहीं, रोहित शर्मा ने भी इसी साल 12 मैचों में 1094 रन बनाए थे। ऐसे में अगर यशस्वी जायसवाल अपने 9वें मैच में हजार रन पूरे कर लेते हैं तो वह टेस्ट चैंपियनशिप साइकिल में सबसे तेज 1000 रन बनाने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे। भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही टेस्ट सीरीज में यशस्वी ने अब तक शानदार प्रदर्शन करते हुए दो दोहरे शतक लगाये हैं।

## पाक के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज से बाहर रहेंगे ग्रीन : कोच

### भारत के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज की तैयारी करेंगे

वैलिंगटन ।

ऑस्ट्रेलियाई टीम पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की सीरीज में ऑलराडर कैमरुन ग्रीन के बिना ही उतरेगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा कि ग्रीन भारत के खिलाफ इस साल के अंत में होने वाली घरेलू टेस्ट सीरीज की तैयारी करेंगे। ऐसे में वह पाक के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे।

ग्रीन स्वदेश लौटकर घरेलू प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता शैफील्ड शील्ड में खेल सकते हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले भी यही रणनीति अपनाई गई थी और ग्रीन ने पहले टेस्ट मैच में 174 रन की नाबाद पारी खेलकर इसे सही साबित किया था। इसी के बल पर उनकी टीम ने इस मैच में बड़ी जीत दर्ज की थी। ग्रीन को वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया था। इसके बजाय उन्होंने पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया की तरफ से तस्मानिया के खिलाफ शैफील्ड शील्ड का मैच खेला था जिसमें उन्होंने नाबाद 103 रन बनाकर न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के लिए अच्छी तैयारी की थी। मैकडोनाल्ड ने कहा, 'किसी भी खिलाड़ी को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर रखना कठिन फैसला होता है वह भी तब जबकि वह आपकी सर्वश्रेष्ठ एकादश में शामिल होने की योग्यता वाला हो। इसलिए मुझे खुशी है कि ग्रीन ने हमारा सुझाव माना और इसके बाद शानदार वापसी की। उन्होंने कहा, 'हमारा ध्यान भारत के खिलाफ होने वाली टेस्ट श्रृंखला से पहले की तैयारियों पर है जहां हमें पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय और टी20 मैच खेलने हैं।

हम सभी जानते हैं कि वह सीमित ओवरों का कितना अच्छा खिलाड़ी है पर आपको अगली सीरीज देखते हुए अपनी प्राथमिकता तय करनी होगी। ऑस्ट्रेलिया के कोच ने कहा, 'सीमित ओवरों की क्रिकेट महत्वपूर्ण है पर टेस्ट सीरीज भी उतनी ही अहम है।



### धर्मशाला टेस्ट का मजा खराब कर सकती है बारिश




**धर्मशाला ।** भारत और इंग्लैंड के बीच गुरुवार से यहां धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में होने वाले पांचवें और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच में बारिश की आशंका है। ऐसे में माना जा रहा है कि इससे अंतिम टेस्ट मैच को खेलना मुश्किल हो सकता है। मौसम विभाग के अनुसार यहां गुरुवार को पहले दिन भारी बारिश हो सकती है जिससे मैच शायद ही शुरु हो पाये। ये मैच धर्मशाला में सुबह 9.30 से शुरू होना है। इस दौरान पूर्वानुमानों से पता चलता है कि तापमान -4 डिग्री सेल्सियस तक नीचे आ सकता है। यहां तक कि बर्फबारी के साथ बारिश भी हो सकती है। शुरुआती दिनों में बारिश से खेल बाधित होना तय है। इस दौरान रात में तापमान -4एष्ट और दिन में 1एष्ट तक गिरने की संभावना है। मौसम कार्यालय के अनुसार मैच के पहले दो दिन बारिश होगी पर बाकि बचे हुए तीन दिन में धूप खिलने की संभावना है। इससे खेलना संभव होगा। यहां कड़ाके की सर्दी पड़ रही है पर इंग्लैंड को शीत लहर से इतना उसन नहीं पड़ने वाला है। इससे मेहमान टीम के कप्तान बेन स्टोक्स अधिक तेज गेंदबाजों के साथ खेलेंगे। ऐसे में देखना होगा कि भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा की योजना कैसी रहती है। भारतीय टीम इस मैच में युवा तेज गेंदबाजों मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार और आकाश दीप के साथ उतर सकती है। धर्मशाला में अब तक केवल एक टेस्ट मैच हुआ है। ये साल 2017 में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला गया था। जिसमें भारतीय टीम को जीत मिली थी।

### आईपीएल के लिए चेन्नई पहुंचे धोनी ने शुरु किया अभ्यास



**चेन्नई ।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) क्रिकेट टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी सहित टीम के कई खिलाड़ियों ने 22 मार्च से यहां शुरु हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17 वें सत्र के लिए तैयारी शुरु कर दी है। धोनी गत दिवस ही यहां पहुंचे थे। सीएसके ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर भी जारी की है जिसमें धोनी गाड़ी से बाहर निकलते हुए दिख रहे हैं। धोनी की कप्तानी में ही सीएसके ने गत वर्ष अपना अपना पांचवा खिताब जीता था। माना जा रहा है कि ये धोनी इस सत्र के बाद खेल को अलविदा कह देंगे। वहीं पिछले बार में घुटने में दर्द के कारण निचले क्रम पर ही खेलने उतरे थे। सीएसके के इस अभ्यास सत्र के लिए धोनी से पहले दीपक चाहर, रुतुराज गायकवाड़, सिमरजीत सिंह, राजवर्धन हंगरगेकर, मुकेश चौधरी, प्रशांत सोलंकी, अजय मंडल, शेख रशीद और निशांत सिंधु भी यहां पहुंच गये थे। इन सभी ने अभ्यास भी शुरु कर दिया है। सीएसके को इस टूर्नामेंट में अपना पहला मुकाबला मैच 22 मार्च को आरसीबी से खेलना है।




# निखिलेश राठौड़ ने बताया श्रीमद रामायण की शूटिंग का अनुभव

पौराणिक टीवी धारावाहिक श्रीमद रामायण में भरत की भूमिका निभाने वाले अभिनेता निखिलेश राठौड़ ने गुजरात के बाहरी इलाके उमरगाम के चिकुवाड़ी जंगल में भरत मिलाप की शूटिंग को लेकर अपना अनुभव बताया। निखिलेश ने कहा, वास्तविक स्थानों पर शूटिंग करना एक अद्भुत अनुभव था। मुझे यह जीवन भर याद रहेगा। यह इतना आसान भी नहीं था, क्योंकि दिन के दौरान तापमान बहुत गर्म और रात में यह बहुत ठंडा हो जाता है। उन्होंने बताया, हम पौराणिक चरित्र के लिए शूट कर रहे थे। इसके लिए मैंने भारी आभूषण पहने हुए थे। धूप होने की वजह से वह गर्म हो जाते थे, जिससे शूट करने में परेशानी होती थी। यह मेरे लिए एक चुनौती बन जाता था। दृश्यों के लिए नंगे पैर चलना और भारी पालकी उठाना एक और काम था। जमीन तप रही थी, वहां बहुत सारे छोटे-छोटे कीड़े-मकोड़े और कांटे भी थे। अभिनेता ने आगे बताया, इसके लिए बहुत कड़ी मेहनत लगी। मुझे उम्मीद है कि दृश्यों को वास्तविक बनाने में हमारी मेहनत दर्शकों को प्रभावित करेगी। यह निश्चित रूप से हमें और अधिक प्रोत्साहित करेगा। निखिलेश को पिछली बार टीवी धारावाहिक सुहागन में एक खलनायक की भूमिका निभाते हुए देखा गया था। श्रीमद रामायण में सुजय रेउ को राम और प्राची बंसल को सीता की भूमिका में दिखाया गया है।

# पैसा, प्रसिद्धि नहीं बल्कि बच्चों में है सच्ची खुशी

हाल ही में एक्शन थ्रिलर फिल्म क्रैक - जीतेगा तो जिएगा में नजर आने वाले बॉलीवुड एक्टर अर्जुन रामपाल ने कहा कि पिता बनना भगवान का आशीर्वाद है। सच्ची खुशी पैसे या प्रसिद्धि में नहीं, बल्कि आपके बच?चों में है। अर्जुन की पहली पत्नी मेहर जेसिया से दो बेटियां महिका और मायरा रामपाल हैं। एक्टर अपने तलाक के बाद से गैब्रिएला के साथ रिलेशनशिप में हैं। वह 2019 में एक बेटे (अरिक) के पिता बने। वहीं दंपति ने 2023 में अपने दूसरे बच्चे का स्वागत किया। पिता बनने के बाद उनके जीवन में क्या बदलाव आए, एक्टर ने इस पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि पिता बनना भगवान के आशीर्वाद की तरह है। मुझे लगता है कि मुझे कई बार आशीर्वाद मिला है और भगवान मुझ पर बहुत दयालु रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि असली और सच्ची खुशी आपके बच्चों में है। अर्जुन ने अपने करियर की शुरुआत एक मॉडल के तौर पर की थी। उन्होंने प्यार इश्क और मोहब्बत से अभिनय की शुरुआत की जिसके बाद उन्हें दिल का रिश्ता, डी-डे, चक्रव्यूह, इंकार, आंखें, राजनीति और रॉक ऑन, जैसी फिल्मों में देखा गया। जिसके लिए उन्हें 2008 में सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता के राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से नवाजा गया। 51 वर्षीय एक्टर के इंस्टाग्राम पर दो मिलियन फॉलोअर्स हैं।





# मेरे करियर का टर्निंग पॉइंट बनी महारानी सीरीज

इन दिनों हुमा कुरैशी अपने एक नहीं बल्कि दो प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं। एक्ट्रेस की पॉपुलर वेब सीरीज महारानी 3 जल्द ही रिलीज होने वाली है। साथ ही वे कॉमेडी शो मैडनेस मचाएंगे इंडिया को हंसाएंगे से टेलीविजन पर अपना कमबैक करेंगी। हाल ही में खास बातचीत के दौरान, हुमा कुरैशी ने अपने प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ से जुड़ी कुछ दिलचस्प बातें शेयर की हैं।

## टीवी बहुत डिमांडिंग प्रोफेशन है

मुझे कॉमेडी सिर्फ देखना ही नहीं, बल्कि स्क्रीन पर करना भी बहुत पसंद है। मैं, पर्सनली कॉमेडी फिल्म्स को खूब एन्जॉय करती हूं। शायद मेरे करियर में मुझे कॉमेडी करने का ज्यादा मौका ही नहीं मिला। इसलिए जब मेकर्स ने मुझे इस शो का कॉन्सेप्ट सुनाया तो, मैं काफी इम्प्रेस हो गई थी। यकीन मानिए, मैंने तुरंत इसके लिए हामी भर दी। पिछले कुछ समय से मैं काफी व्यस्त हूं। एक साथ कई प्रोजेक्ट पर काम कर रही हूं। इसी बीच टीवी के लिए वक्त निकालना आसान नहीं है। टीवी बहुत डिमांडिंग प्रोफेशन है। लेकिन ये कॉन्सेप्ट बड़ा ही इम्प्रेसिव है। वहीं सच्चाई ये भी है कि पैसे अच्छे हैं। तो सोचा क्यों ना अपने शेड्यूल को मैनेज कर लें।

पिछले 12 सालों से काम कर रही हूं लेकिन सीरीज महारानी मेरे करियर का टर्निंग पॉइंट बनी। अब जाकर लगता है कि मुझे पीछे मुड़कर देखने की जरुरत नहीं। इस सीरीज के बाद कई प्रोड्यूसर, डायरेक्टर, राइटर को मुझ पर भरोसा होने लगा हैं। मुझे बहुत अमेजिंग ऑफर्स मिल रहे हैं। मैं लगातार काम कर रही हूं। अभी मेरी तीन चार प्रोजेक्ट एक साथ चल रहे हैं। एक स्टूडियो से दूसरे स्टूडियो से भागती रहती हूं। पहले सिर्फ सुनने में आता था कि कोई एक्टर डबल शिफ्ट कर रहा है। अब समझ आ रहा है कि असल में डबल शिफ्ट क्या होती है। ये मेरे करियर का बेस्ट फेज है।

## पहले दिल की बात कहने से डरती थी, अब नहीं...

महारानी में मेरा किरदार रानी बहुत सारी परेशानियों से जूझता है। उसे बहुत सारी बातें नहीं पता होती थीं। फिर भी वो सवाल हमेशा पूछती थी। जिस सरलता से रानी भारती कोई भी मुश्किल बात कह देती हैं, मैंने भी अब वह चीज सिख ली है। पहले मैं बहुत सोचती थी कि अपनी दिल की बात बोलूं या नहीं। बोल दिया तो सामने वाले को कैसा लगेगा? वो मेरे बारे में क्या सोचेगा?

मुझे इस बात का भी डर रहता था कि लोग मुझे कहीं गलत जज ना करें। लेकिन अब ऐसा बिलकुल नहीं हैं। मुझे लगता है कि अगर आपकी इंटेन्शन खराब नहीं है तो आपको आपकी बात रख देनी चाहिए।

## महारानी सीजन 3 अंत नहीं

इस बार ऑडियंस को रानी भारती को नए अवतार में देखेंगे। जोकि पहले से और भी ज्यादा स्ट्रॉन्ग होंगी। जिस बदले का वादा दिखाकर सीजन 2 खत्म हुआ था, कहानी वहीं से आगे बढ़ेगी। हालांकि, सीजन 3 इस कहानी का अंत नहीं।



# जापान जाने का वर्षों पुराना सपना हुआ साकार

एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना का कहना है कि वह जापान जाने का वर्षों से सपना देखती थीं। उन्हें जापान अमेजिंग लगा। क्रंचीरोल एनीमे अवॉर्ड्स के लिए जापान के टोक्यो में रहीं एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अपने कई फोटोज शेयर किए। एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना फोटोज में एम्बेलिश्ड ड्रेस पहने किलर पोज देती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस को फोटो में देखा जा सकता है, वह छोटे बालों में नजर आ रही हैं, उन्होंने न्यूड मेकअप और कुछ एक्सेसरीज के साथ अपने लुक को पूरा किया। एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, जापान एक ऐसी जगह है जहां जाने का मैंने वर्षों से सपना देखा था। बचपन से कभी नहीं सोचा था कि यह सपना कभी सच होगा। एनीमे वर्ल्ड के क्रिएटर्स में से किसी एक को अवॉर्ड देने वाले अवॉर्ड शो का हिस्सा बनने की तो बात ही छोड़िए! और आखिरकार यह सच हो गया। एक्ट्रेस ने आगे लिखा, जापान में हर किसी से मिल पाना, यहां अविश्वसनीय प्यार पाना, इतना गर्मजोशी से स्वागत... खाना, मौसम, इतनी साफ-सुथरी जगह, इतने प्यारे लोग... यह अद्भुत है! धन्यवाद जापान! वास्तव में! मुझे तुमसे प्यार है! सचमुच बहुत खास है। इसके अलावा एक्ट्रेस ने लिखा कि वह अब हर साल यहां आती रहेंगी। एक्ट्रेस रश्मिका, अल्लू अर्जुन स्टारर पुष्पा 2ः द रूल में नजर आएंगी।



# फिल्म इंडस्ट्री में अपने 19 साल पूरे होने का जश्न मना रही हैं तमन्ना भाटिया

एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने हाल ही में फिल्म इंडस्ट्री में अपने 19 साल पूरे कर लिए हैं। एक्ट्रेस ने अपनी लगन और मेहनत से मनोरंजन जगत में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। तमन्ना भाटिया की पहली फिल्म चांद सा रोशन चेहरा 2005 में रिलीज हुई थी। हालांकि, तमन्ना ने कहा कि यह तो बस शुरुआत है। इंस्टाग्राम स्टोरीज पर तमन्ना ने अपने फैंस के पोस्ट दोबारा पोस्ट किए। जिसमें उनके फैंस ने उन्हें फिल्म इंडस्ट्री में 19 साल पूरे करने पर बधाई दी थी। एक्ट्रेस ने इसके लिए अपने सभी चाहने वालों को धन्यवाद दिया। एक पोस्ट में तमन्ना ने लिखा, अभी तो यह केवल शुरुआत है। रविवार रात तमन्ना की दोस्त काजल अग्रवाल ने इस उपलब्धि पर बधाई देने के लिए एक्स पर कहा, फिल्म जगत में लगभग 2 दशक पूरे होने पर प्यारी तमन्ना भाटिया को बहुत-बहुत बधाई। तमन्ना की चांद सा रोशन चेहरा 2005 में रिलीज हुई थी।



# लव सेक्स और धोखा 2 से बाहर हुईं निमृत कौर अहलूवालिया?

**अभिनेत्री निमृत कौर अहलूवालिया मशहूर फिल्म निर्माता दिबाकर बनर्जी द्वारा निर्देशित आगामी फिल्म लव सेक्स और धोखा 2 में अभिनय करने के लिए तैयार थीं। हालांकि, अब अभिनेत्री के फैंस के लिए एक बुरी खबर सामने आई है। रिपोर्ट्स की मानें तो निमृत कौर ने फिल्म से अपने हाथ पीछे खींच लिए हैं।**

एलएसडी 2 दर्शकों के लिए एक अलग तरीके का कंटेंट पेश करने वाला है। सीक्वल में निर्माताओं ने इसके स्तर को एक पायदान ऊपर उठाया है। मेकर्स लंबे समय के बाद लव सेक्स और धोखा 2 लेकर आने के लिए तैयार हैं। जैसा कि फिल्म स्तर को ऊपर उठाने जा रही है, जिसके लिए दृश्यों को और अधिक बोल्ड करने की आवश्यकता है। इसी बीच जानकारी मिली है कि निमृत कौर अहलूवालिया ने स्पष्ट सीन के कारण अपनी भूमिका छोड़ दी है। जानकारी के अनुसार, फिल्म में बोल्ड सीन के कारण निमृत कौर अहलूवालिया ने अपनी भूमिका छोड़ दी है। जब एकता आर कपूर टेलीविजन रियलिटी शो बिग बॉस में गईं, तो उन्होंने बॉलीवुड डेब्यू के लिए मुख्य अभिनेत्री के रूप में अपनी आगामी फिल्म के लिए निमृत कौर को साइन किया। चूंकि फिल्म की आवश्यकताएं अधिक बोल्ड और कामुक होती जा रही हैं, इसलिए अभिनेत्री को यह भूमिका छोड़नी पड़ी क्योंकि वह इंटीमेट सीन करने में सहज नहीं थीं।

# राणा दग्गुबाती ने शुरू की रजनीकांत की वेट्टैयन की शूटिंग


साउथ सुपरस्टार रजनीकांत इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म वेट्टैयन की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म में रजनीकांत के साथ कई मुख्य कलाकार हैं। वेट्टैयन एक मल्टीस्टारर फिल्म है। इस फिल्म में अभिनेता राणा दग्गुबती भूमिका निभा रहे हैं। अब उन्होंने फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है, जिसकी जानकारी उन्होंने खुद अपने फैंस के साथ साझा की।

दरअसल, राणा दग्गुबाती वेट्टैयन के लिए काफी उत्साहित हैं। राणा ने सोमवार, चार मार्च को इंस्टाग्राम पर घोषणा की कि वह थलाइवर 170 उर्फ वेट्टैयन के सेट में शामिल हो गए हैं। शूटिंग सेट से अपनी एक तस्वीर साझा करते हुए कैप्शन में अभिनेता ने लिखा, शूटिंग का पहला दिन। आइए इसे शुरू करें। थलाइवर 170। वहीं बात करें फिल्म की कहानी के बारे में तो कहा जा रहा है कि यह सामाजिक मुद्दे पर आधारित होगी, जो सामाजिक संदेश देगी। फिल्म में रजनीकांत, राणा दग्गुबाती, फहद फासिल और अमिताभ बच्चन, रितिका सिंह, दुशारा विजयन और मंजू वारियर मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसका संगीत अनिरुद्ध रविचंदर ने तैयार किया है। फिल्म की शूटिंग जोरों से चल रही है।



# शाहिद कपूर की फर्जी 2 को लेकर सामने आया बड़ा अपडेट

बॉलीवुड स्टार शाहिद कपूर इन दिनों अपनी फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इस फिल्म में उनके साथ कृति सेनन अहम भूमिका में नजर आई हैं। इसके साथ ही शाहिद के फैंस को लेकर एक खुशखबरी सामने आई है। शाहिद कपूर की वेब सीरीज फर्जी 2 को लेकर एक बड़ा अपने सामने आया है। शाहिद की वेब सीरीज फर्जी 10 फरवरी, 2023 को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। शाहिद कपूर और विजय सेतुपति स्टारर फर्जी दर्शकों को बेहद पसंद आई थी। फैंस को इसके दूसरे सीजन का बेसब्री से इंतजार है। इस सीरीज में के के मेनन, राशी खन्ना और भुवन अरोड़ा भी नजर आए थे। सीरीज की कहानी एक निराश कलाकार की कहानी बताती है जो नकली पैसा बनाने का फैसला करता है। इस वेब सीरीज के दूसरे सीजन को लेकर पुष्टि हो गई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, फर्जी की रिलीज डेट के बारे में बात करते हुए शाहिद कपूर ने कहा था कि अच्छी चीज में समय लगता है और कचरा जल्दी बन जाता है। खबर के मुताबिक, शाहिद कपूर की वेब सीरीज फर्जी 2 अगले साल 2025 के अंत तक रिलीज होगी। हाल ही में एक बातचीत में शाहिद ने कहा, तो निश्चित रूप से फर्जी का दूसरा सीजन आएगा। इस सीरीज के पहले पार्ट का जिस तरह से अंत हुआ था, वह काफी अच्छा था। इसलिए बहुत कुछ घटित होने की संभावना है। हालांकि मैंने अभी ओटीटी के लिए किसी चीज के लिए हां नहीं कहा है। क्योंकि इस साल मेरी दो रिलीज थीं, लेकिन फर्जी 2 जरूर बनेगी।



# सांसद ने किया कई गांवों का दौरा, ग्रामीणों से किया संवाद



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सांसद महेश शर्मा ने 'गाँव चलो अभियान' के क्रम में विधानसभा दादरी के ग्राम कैलाशपुर, आमका, रूपवास, नई बस्ती, फूलपुर, कोट, कोट डेरिन, नगला नैनसुख, छौलस एवं छौलस की मढैया का भ्रमण किया तथा लोगों से संवाद किया।

सांसद ने कहा कि आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश के हर क्षेत्र में विकास कार्य बहुत ही तेजी से हो रहा है। आगामी लोकसभा चुनावो में प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत करने की दिशा में भारी मतों से विजय दिलाये। सूरजपुर दादरी में आयोजित नारी शक्ति वंदन अभियान के समापन समारोह कार्यक्रम में सहभागिता की। इस सुअवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से श्रवण करते हुए उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया।

'गाँव चलो अभियान' के दौरान श्रीचंद शर्मा, तेजपाल नागर, संदीप कूडीखेड़ा, सरदीप नागर, सतपाल शर्मा, रिंकू बिरोडी, सुनील शर्मा कोट, अजब प्रधान, रामपाल, ओमप्रकाश शर्मा, अतुल प्रधान, आनंद भाटी, सुनील प्रजापति, अर्पित तिवारी, संजय भाटी, सतीश भाटी, सत्ते प्रधान, सतपाल, पंकज कूडीखेडा, पंकज रावल समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बेबी किट देकर कन्या जन्मोत्सव मनाया



**नोएडा ( चेतना मंच )।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 6 मार्च 2024 को संयुक्त जिला चिकित्सालय सेक्टर-39 एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसरख में बालिकाओं के अभिभावकों को बेबी किट भेंटकर कन्या जन्मोत्सव मनाया गया। यह जानकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी ने दी।

उन्होंने बताया कि विभागीय योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना एवं स्पॉन्सरशिप योजनाओं के संबंध में भी विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई, ताकि बालिकाओं के प्रति सामाजिक सोच एवं व्यवहार से सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सके।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान कुल 22 बालिकाओं के अभिभावकों को बेबी किट उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर चिकित्सालय के अधिकारी, नर्स एवं महिला कल्याण विभाग के कार्मिक मौजूद रहे।

# नारी शक्ति वंदन पर सभी ने सुना पीएम का लाइव प्रसारण



**अटल बिहारी वाजपेयी मंडल में मोदी के लाइव प्रसारण के बाद पंडित रविकांत मिश्रा को सम्मानित करते महिला भाजपा के कार्यकर्ता।**

**नोएडा ( चेतना मंच )।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति वंदन अभिनंदन कार्यक्रम को अन्तर्गत सभी कार्यकर्ताओं और महिलाओं को संबोधित किया। उनका लाइव संबोधन नोएडा भाजपा द्वारा प्रत्येक मंडल में आयोजित किया।

ये सभी कार्यक्रम सैनिक विहार मंडल, सेक्टर-43, श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल सेक्टर-78, कृष्णा नगर मंडल, सेक्टर-71, पंडित दीनदयाल उपोध्याय मंडल, सेक्टर 27, महाराणा प्रताप मंडल, गिझोड़, शहीद भगत सिंह मंडल सेक्टर-110, अटल बिहारी वाजपेयी मंडल, बैरोला, सरस्वती शिशु मंडल, सेक्टर-56 में आयोजित हुए।

कार्यक्रम में उमेश त्यागी, क्षेत्रीय मंत्री बिजेन्द्र नागर, जुगराज चौहान, राजीव त्यागी, महेश अवाना, हरिश्चरन्द्र भाटी, महेश अवाना, गणेश जाटव, रवि कांत मिश्रा, मंडल अध्यक्ष कल्लू सिंह, गिरजा सिंह, गोपाल गौड़, लोकेश कश्यप, पंकज झा, कल्लू सिंह, सत्य नारायण महावर, निर्मल सिंह, रवि अवाना, प्रदीप चौहान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# किसानों व युवाओं का सम्मान भाजपा में : अवाना




**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा नोएडा महानगर के द्वारा 'ग्राम परिक्रमा यात्रा' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ग्राम अलवरदीपुर शिव मंदिर नोएडा के पास हुआ हुआ। बैठक की अध्यक्षता भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष ओमवीर अवाना ने की। मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा किसान मोर्चा क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य विराट सिंह रहे।

विराट सिंह ने किसानों को सम्मानित करते हुए मोदी जी की किसान समृद्धि योजना पर चर्चा की एवं माता बहनों को उज्जवला योजना के फायदे गिनवाए।

ओमवीर अवाना ने किसान भाईयो को संबोधित करते हुए कहा आज देश में गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, युवा उत्थान एवं किसान सम्मान का नया अध्याय लिखा जा रहा है। भाजपा सरकार की योजनाओं का बड़ा लाभ इन चार जातियों को सबसे ज्यादा मिला है।

कार्यक्रम में महामंत्री मुक्तानंद शर्मा, इंद्राज खटाना, विनय द्विवेदी, रोहित शर्मा, विष्णु शर्मा, अभय त्यागी, शक्ति गुर्जर, प्रदीप त्यागी, मुकेश शर्मा, बलवंत सिंह, चिंजीवी विश्वकर्मा, आशीष चौहान, लीलू अवाना आदि मौजूद रहे।

# स्टाम्प लोक अदालत 16 मार्च को : बी.एस. वर्मा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जनपद गौतमबुद्धनगर के चार स्टाम्प न्यायालयों यथा- कलेक्टर/जिलाधिकारी, गौतमबुद्ध नगर, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौतमबुद्धनगर, सहायक आयुक्त स्टाम्प (प्रथम) गौतमबुद्ध नगर व सहायक आयुक्त स्टाम्प (द्वितीय) गौतमबुद्ध नगर के न्यायालयों में लम्बित स्टाम्पवादों हेतु प्रत्येक माह के तृतीय शनिवार को लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी सहायक आयुक्त स्टांप (प्रथम) बीएस वर्मा ने दी।



उन्होंने बताया कि इन लोक अदालतों का आयोजन जन-सामान्य को अधिकाधिक सुविधा प्रदान करने के लिये किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कलेक्टर/ जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौतमबुद्ध नगर, सहायक आयुक्त स्टाम्प (प्रथम) गौतमबुद्धनगर व सहायक आयुक्त स्टाम्प (द्वितीय) गौतमबुद्धनगर के न्यायालयों में इस माह के तृतीय शनिवार 16 मार्च को स्टाम्प लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पक्षकार अपने लम्बित स्टाम्पवादों को सुविधाजनक तरीके से निस्तारण करा सकते हैं।

# डीसीपी ने दिया लापता बच्चे की बरामदगी का भरोसा



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-44 खजूर कॉलोनी से लापता बच्चे लविश गुप्ता के लिए उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन और सेक्टर-55 से आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सत्यनारायण गोयल ने डीसीपी विद्यासागर मिश्र, एडीसीपी मनीष मिश्रा से बातचीत की।

डीसीपी श्री मिश्रा ने बताया कि हमारी चार टीमें इस कार्य में लगी हुई है जो सिविल वर्दी में भी बच्चों को ढूंढ रही है। उन्होंने आगे कहा कि सारी बातों को देखकर लगता है कि बच्चे का अपहरण नहीं हुआ है बच्चा किसी के साथ डर की वजह से निकल गया है। उन्होंने आगे बताया कि बच्चे की तलाश में आज फ़रीदाबाद भी गई थी । एडीसीपी मिश्रा ने कहा कि हम बहुत जल्द बच्चे को परिवार को सुपुर्द कर देंगे।

# वेंडर्स को रोजगार करने से रोकने पर जताया रोष



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल संख्या-2 वेंडिंग जोन संख्या-9 बोटैनिकल गार्डन सेक्टर-38ए के वेंडर्स को रोजगार करने से रोकने की गई कार्रवाई के विरोध में पथ विक्रेता कर्मकार यूनियन गौतमबुद्धनगर अध्यक्ष पूनम देवी व सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा के नेतृत्व में वेंडर्स ने प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

वेंडर्स की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन प्राधिकरण के एजीएम आशीष भाटी ने लिया और वेंडर्स की समस्याओं को उन्होंने ध्यानपूर्वक सुनकर उनकी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया।

उन्होंने बताया कि जिन वेंडर्स का ड्रा हो गया है उन्हें शीघ्र लाइसेंस उपलब्ध करा दिया जाएगा और जिन वेंडर्स ने अपना पूरा पैसा जमा कर दिया है उनका नवीनीकरण करके उन्हें लाइसेंस पुनः जारी कर दिया जाएगा और जिन वेंडर्स का ड्रॉ पेंडिंग है उनका चुनाव के बाद फिर से ड्रा करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

